RNI. MPHIN/2016/68439

> दीनता उस मानसिक दुर्बलता को कहते हैं जो मनुष्य को दूसरे की दया पर जीने का प्रलोभन देती है।
>
> हजारीप्रसाद द्विवेदी

दैनिक

भेल पॉवर

वर्ष- 10 | अंक-67 | भोपाल, सोमवार 4 अगस्त 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित

न्यूज. ब्रीफ

जितेंद्र अव्हाड़ का विवादित बयान सनातन की विचारधारा विकृत

मुंबई। एनसीपी (शदर पवार गुट) विधायक जितेंद्र अव्हाड़ ने मालेगांव ब्लास्ट मामले में साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और अन्य आरोपियों के बरी होने के बाद सनातन धर्म पर एक विवादित बयान दिया है। अव्हाड़ ने दावा किया कि सनातन की विचारधारा विकृत है और इसने पूरे देश को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि कभी किसी धर्म को सनातन धर्म नहीं कहा गया, हम सब हिंदू धर्म को मानते हैं। अव्हाड़ ने अपने बयान में कुछ ऐतिहासिक शख्सियतों का भी जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने भी कथित सनातन धर्म को खारिज कर दिया था और इसी सनातन धर्म वालों ने उन्हें बदनाम किया। उन्होंने ज्योतिराव फुले को मारने की कोशिश करने, सावित्रीबाई फुले पर गोबर फेंकने, साहू महाराज को मारने की साजिश रचने और डॉ. आंबेडकर को स्कूल में पानी न पीने देने के लिए सनातन धर्म वालों को जिम्मेदार ठहराया। शरद गुट के विधायक अव्हाड़ ने कहा कि मनुस्मृति का जन्म सनातन परंपरा से ही हुआ है, इसलिए सनातनी विचारधारा को विकृत कहने से किसी को परहेज नहीं करना चाहिए। आव्हाड के बयान पर बीजेपी और शिवसेना ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

गोंडा पीड़ितों के लिए पीएम मोदी का ऐलान

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में एक भयानक सड़क दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा इटिया थोक थाना क्षेत्र में हुआ, जहां ओवरलोड बोलेरो अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। बोलेरो में कुल 15 लोग सवार थे, जो पृथ्वीनाथ मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों और पुलिस ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। गोंडा पुलिस ने बताया, बचाव दल ने 4 लोगों को, जिसमें 2 बच्चे और ड्राइवर शामिल हैं, सुरक्षित बाहर निकाला है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने नहर से 11 शव बरामद किए हैं, जिन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शुरूआती जांच में हादसे की मुख्य वजह ओवरलोडिंग है। इस दुखद घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

कोलकाता पुलिस की जांच में चौंकाने वाले खुलास

कोलकत्ता। कोलकाता पुलिस ने बांग्लादेशी मॉडल-अभिनेत्री शांता पाल से जुड़े कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं, जिन्हें हाल ही में गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया हैं कि शांता ने भारत में एक फर्जी पहचान बनाई, डिजिटल शादी कर अपने पति का पासपोर्ट जब्त किया। कोलकाता पुलिस के अनुसार, शांता ने खुद को भारतीय साबित करने के लिए फर्जी आधार, राशन कार्ड, वोटर आईडी और पैन कार्ड तक बनवाए थे। इतना ही नहीं, उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी भारतीय पहचान को मजबूत करने के लिए फूड व्लॉगिंग और अपने निजी जीवन के वीडियो भी पोस्ट किए। दरअसल शांता पाल 2023 में बांग्लादेश के बारीसाल से अपने पासपोर्ट पर कोलकाता आई थी। पुलिस ने बताया कि भारत आने के बाद एक स्थानीय एजेंट की मदद से फर्जी दस्तावेज तैयार कराए। इन दस्तावेजों का उपयोग करके, उसने एक नई पहचान बनाई और एक भारतीय नागरिक के रूप में रहना शुरू कर दिया। पुलिस जांच में पता चला है कि शांता ने आंध्र प्रदेश के एक मर्चेंट नेवी अधिकारी अशरफ से डिजिटल शादी की थी।

खालिस्तानी आतंकियों-गैंगस्टरों पर अब विदेशों में भी एक्शन

भारत ने अमेरिका-कनाडा-यूरोप को लिस्ट सौंपी, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय मिलकर करेंगे कार्रवाई

जालंधर। भारत सरकार अब खालिस्तानी आतंकियों और उनसे जुड़े गैंगस्टरों के खिलाफ विदेशों में भी सख्त कदम उठाने की तैयारी कर रही है। खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर विदेश मंत्रालय जल्द ही अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और कुछ यूरोपीय देशों को औपचारिक रूप से यह जानकारी देगा कि भारत के कई वांछित खालिस्तानी आतंकी इन देशों में छिपे हुए हैं। ये लोग नकली पासपोर्ट और फर्जी पहचान पत्रों की मदद से विदेश भागे हैं। सरकार अब इन देशों पर दबाव बनाएगी कि वे ऐसे आतंकियों को भारत के हवाले करें। हाल ही में दिल्ली में हुई इंटेलिजेंस ब्यूरो की दो दिन की नेशनल सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में गृह मंत्री अमित शाह ने भी यह मुद्दा उठाया। उन्होंने राज्यों की पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों को

निर्देश दिया कि वे ऐसे खालिस्तानी और गैंगस्टर-आतंकियों की लिस्ट तैयार करें, जिन्होंने नकली दस्तावेजों से विदेशों में पनाह ली है। नार्को-तस्करों पर भी होगी कार्रवाई खालिस्तानी आतंकियों के अलावा, अमित शाह ने कॉन्फ्रेंस में एजेंसियों और राज्यों की पुलिस को यह भी निर्देश दिया कि विदेशों में छिपे हुए वांछित ड्रग तस्करों की पहचान कर उन्हें भारत वापस लाने की कार्रवाई तेज की जाए।

कनाडा पर भारत का विशेष ध्यान

कनाडा इस समय खालिस्तानी और गैंगस्टर-आतंकियों का सबसे बड़ा ठिकाना माना जा रहा है। पिछले महीने संसद में सरकार ने जानकारी दी थी कि खुद कनाडा की खुफिया एजेंसी ष्टस्ढ्ढस् ने भी अपनी 2024 की वार्षिक रिपोर्ट में माना है कि खालिस्तानी चरमपंथी कनाडाई धरती का इस्तेमाल भारत-विरोधी गतिविधियों के लिए कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने 24 जुलाई को संसद में लिखित जवाब में कहा- 18 जून 2025 को जारी सीएसआईएस की 2024 की वार्षिक रिपोर्ट ने पहली बार पुष्टि की कि खालिस्तानी उग्रवादी कनाडा की जमीन का इस्तेमाल भारत को निशाना बनाने वाली हिंसक गतिविधियों की योजना बनाने, फंड इका करने और प्रचार के लिए कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि कनाडा आधारित खालिस्तानी उग्रवादियों की हिंसक गतिविधियां कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा और उसके हितों के लिए भी खतरा बनती जा रही हैं। यह भारत की उन चिंताओं को सही साबित करता है कि कनाडा, भारत विरोधी अलगाववादियों के लिए सुरक्षित ठिकाना बन गया है।

फर्जी दस्तावेजों के कई मामले सामने आए

पिछले कुछ वर्षों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां खालिस्तानी तत्वों ने नकली दस्तावेजों के जरिए विदेशों की यात्रा की। उदाहरण के तौर पर, खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर- जिनकी जून 2023 में कनाडा के सरी शहर में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी थी। उन्होंने 1997 में रवि शर्मा नाम से कनाडा की यात्रा की थी। इसी साल मार्च में उत्तर प्रदेश पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी लाजर मसीह को गिरफ्तार किया था।

विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय का साझा अभियान

अधिकारियों ने बताया कि ढ्ढक्क कॉन्फ्रेंस के बाद अब गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय मिलकर इस पर औपचारिक कार्रवाई करेंगे। गृह मंत्रालय का अगला बड़ा एजेंडा यह है कि हर वांछित खालिस्तानी या गैंगस्टर-आतंकी के खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाकर यह दिखाया जाए कि उन्होंने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वीजा या शरण ली। फिर इन्हीं सबूतों के आधार पर संबंधित देशों से औपचारिक बातचीत कर उन्हें भारत प्रत्यर्पित करने का प्रयास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री का प्रदेश की लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर विशेष उपहार

लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर शगुन के रूप में दी जायेगी 250 रुपए अतिरिक्त राशि : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

उज्जैन की "बेस्ट लाइफ स्टाइल" कम्पनी की बहनों ने बांधी मुख्यमंत्री को राखी

- आने वाले समय में 4 हजार बहनों को मिलेगा कम्पनी में रोजगार

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की महिलाएं मेरी बहने हैं यह मेरा मान है, सम्मान है, बहनों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आए इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी 07 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में 250 रुपए की अतिरिक्त राशि रक्षाबंधन के शगुन के रूप में दी जायेगी, जो रक्षाबंधन पर भाई की तरफ से छोटा सा उपहार है। यह राशि प्रतिमाह मिलने वाली 1250

रुपए से अतिरिक्त होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन की बेस्ट लाइफ स्टाइल कंपनी में वर्तमान में 1500 बहनों को रोजगार मिल रहा है। आने वाले समय में 4 हजार बहनों को रोजगार मिलेगा। इसके लिए सरकार कंपनी को नवीन जगह दे रही है, जहां बहनों के लिए आवासीय सुविधा भी उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बेस्ट लाइफस्टाइल कंपनी उज्जैन में कार्यशील बहनों द्वारा आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रतिभा सिंटेक्स भी 7 हजार से अधिक बहनों को रोजगार दे रही है और यह बहने अपनी कार्य कुशलता से ऐसे उत्पाद बना रही हैं, जो सीधे अमेरिका को निर्यात किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

एकसी कर्मशील बहनों के चरणों में प्रणाम है, बहनें मेरे लिए सब कुछ है। त्यौहारों का राजा रक्षाबंधन है, इस त्यौहार में बहने अपने भाइयों के लिए सब कुछ निछावर कर देती है। प्यार, सम्मान, दुलार और दूसरे परिवार में जाकर उनका सम्मान भी बढ़ाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी बहनों को इस बात का भी ध्यान रखना है कि यह कंपनी लगातार कार्य करती रहे और इस कंपनी में अपने समर्पण के साथ काम करें। इस कंपनी से हमें रोजगार मिलता है जीवन यापन का साधन मिल रहा है तो हमें भी समर्पण के साथ काम करना चाहिए।

माइग्रेशन, अंतरराज्यीय प्रवास और सीमा पार पारिवारिक संबंधों वाले मतदाताओं के नाम कटे

पटना। बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान कुल 7.2 करोड़ वोटर्स में से 65 लाख नाम कट दिए गए हैं। चुनाव आयोग ने नई वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी किया है। 65 लाख में से 22 लाख लोग वे हैं जिनकी मौत हो चुकी है, जबकि बाकी मतदाताओं के नाम कटने की वजहें अलग-अलग हैं। इसमें माइग्रेशन, अंतरराज्यीय प्रवास और सीमा पार पारिवारिक संबंधों वाले मतदाता भी शामिल हैं। राजधानी पटना को लेकर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का कहना है कि जब वे पहले भरे हुए प्रगणन फॉर्म लेकर घर-घर जा रहे थे तब बहुत सारे घरों में कोई मिला ही नहीं। कई मतदाता शहर में ही कहीं गए थे तब कुछ लोग कहीं और रहने लगे थे। बहुत सारे वे लोग थे जो कि किराए के मकानों को बदल चुके थे। इसतरह बड़ी संख्या में नाम ड्राफ्ट लिस्ट से कट गए। इसके बाद इन मतदाताओं को जोड़ने के लिए स्वच्छता कार्यकताओं ने घर-घर जाकर खाली फॉर्म वितरित किए।

इसके बाद भी बहुत सारे परिवार जुड़ नहीं सके। इसतरह सिर्फ राजधानी पटना में ही 14 विधानसभा क्षेत्रों में 3.95 लाख नाम काट दिए गए। रिपोर्ट के मुताबिक परिवारों में बंटवारा और फिर न्यूक्लियर फैमिली की वजह से भी बहुत सारे लोगों के नाम कट गए। बहुत सारे लोगों को कोई बताने वाला ही नहीं था कि उनका नाम कट गया है। अब चुनाव आयोग दावों और आपत्तियों को स्वीकार कर रहा है। कई लोग हैं जो कि बिहार में रहते थे लेकिन अब नेपाल में रहने लगे हैं। ऐसी लड़कियां भी हैं जिनका ससुराल बिहार में है जबकि वे नेपाल की रहने वाली हैं। इसकारण विदेशी फैक्टर की वजह से भी वोटर लिस्ट से नाम काटे गए हैं।

कई लोगों ने दावा किया है

उनका नाम मृतकों में शामिल हो गया है जबकि वे जिंदा हैं। वहीं कुछ हैं जिनकी मौत हो गई है फिर भी वोटर लिस्ट में शामिल हैं। बिहार के उत्तरी जिलों में सबसे ज्यादा नाम कटे हैं। इसमें दरभंगा, मधुबनी, गोपालगंज और सीमांचल के जिले शामिल हैं। मधुबनी में 3.5 लाख, दरभंगा में दो और गोपालगंज में लगभग 3.1 लाख मतदाता कम हो गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि बहुत सारे वोटर अस्थायी रूप से अपना क्षेत्र छोड़कर कहीं और रहने लगे हैं। इसकारण उनके नाम कट गए हैं। सीमांचल बेल्ट में एक अलग ही चुनौती बीएलओ के सामने आई है। यहां बहुत सारे लोगों की रिश्तेदारियों नेपाल से हैं। बीएलओ ने दावा किया है कि बहुत सारे लोग नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से आए हैं और उनके नाम वोटर लिस्ट में शामिल थे।

कर्नाटक के नेता प्रतिपक्ष ने कहा

राहुल पहले दें हमारे सवालों के जवाब

बेंगलुरु में हो रहे विरोध प्रदर्शन में राहुल गांधी होंगे शामिल

नई दिल्ली। बेंगलुरु में प्रस्तावित राहुल गांधी के विरोध प्रदर्शन और वोट चोरी के खुलासे से पहले सियासत और गरमाती जा रही है। इस बीच कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चलवाडी नारायणस्वामी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को एक खुला पत्र लिखते हुए उन्हें सीधे शब्दों में चुनौती दी है। उन्होंने राहुल को कांग्रेस के अभिनेता बताते हुए कहा कि यदि वह सच में पार्टी का नेतृत्व करने योग्य हैं, तो पहले उनके सवालों का जवाब दें। नारायणस्वामी ने पत्र में कहा, कि राहुल गांधी जी, आपका स्वागत है कर्नाटक में, लेकिन आप यहां एटम बम फोड़ने नहीं, बल्कि अपने ही घर की सफाई करने आए हैं। कांग्रेस पार्टी में धोखाधड़ी करने वालों की भरमार है, और आप उन्हीं लोगों के भरोसे राजनीति कर रहे हैं। इससे पहले कि आप चुनाव आयोग पर अंगुली उठाएं, मेरे कुछ सवालों का जवाब दें। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने हाल ही में कहा था कि कांग्रेस ने कर्नाटक की एक लोकसभा सीट का डेटा खंगालकर वोट चोरी की पूरी प्रक्रिया का पदार्फाश किया है। उन्होंने कहा था कि वह इसे ब्लैक एंड व्हाइट में जनता

और चुनाव आयोग के सामने रखेंगे। उन्होंने 4 अगस्त को बेंगलुरु में विरोध प्रदर्शन और चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपने की भी घोषणा की है। इसी पर पलटवार करते हुए नारायणस्वामी ने कहा कि, आपने कहा कि कर्नाटक में भयंकर चोरी पकड़ी है। क्या यह वही राज्य नहीं है जहां कांग्रेस सत्ता में है? क्या आप अपनी ही पार्टी की सरकार पर सवाल उठा रहे हैं या फिर वोटर डेटा में हेराफेरी आपकी पार्टी के सहयोग से हुई।

बरेली में नेपाली महिला पर भीड़ ने किया हमला

चोर समझकर टूट पड़े लोग

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली में नौकरी की तलाश में आई एक नेपाली महिला, सुष्मिता सारू मागर उर्फ काजल, को भीड़ ने चोरी के शक में बेरहमी से पीट दिया। यह घटना तब हुई जब महिला अपने एक परिचित विनय गंगवार के घर की छत पर फोन पर बात कर रही थी। कुछ लोगों ने महिला को चोर समझ लिया और शोर मचाना शुरू किया। डर के मारे महिला छत से कूद गई और जमीन पर गिर गई, जिसके बाद भीड़ ने महिला को लाठियों से पीटा। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसमें महिला हाथ जोड़कर अपनी बेगुनाही की गुहार लगाती दिख रही है, लेकिन भीड़ उस पर हमला करती

रही। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत और वीडियो के आधार पर मामला दर्ज किया है। मामले में गौरव सक्सेना, शिवम, अमन सक्सेना और अरुण सैनी नामक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बाकी आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया है। पीड़िता ने बताया कि हमले में उसके दो दांत टूट गए और पैर में चोटें आई हैं।

मिड-डे मील की सब्जी को जूठा कर गया कुत्ता

फिर भी 84 छात्रों को वहीं खाना परोस दिया

- मामला सामने आने पर 78 बच्चों को एंटी-रेबीज वैक्सीन दी गई

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में सरकारी स्कूल में मिड-डे मील को एक आवारा कुत्ते ने जूठा कर दिया, इसके बाद भी वह भोजन छात्रों को परोसा गया। यह घटना 29 जुलाई को पलारी ब्लॉक के लच्छनपुर शासकीय मिडिल स्कूल में हुई। दरअसल स्कूल में तैयार की गई मिड-डे मील की सब्जी को एक आवारा कुत्ते ने दूषित किया था। कुछ छात्रों ने इस बारे में शिक्षकों को बताया, और शिक्षकों ने खाना परोसने से मना भी किया, लेकिन स्व-सहायता समूह जिसने भोजन तैयार किया था, उन्होंने इस बात को अनदेखा कर लगभग 84 छात्रों को वही खाना परोस दिया। जब बच्चों ने घर जाकर इस घटना के बारे में बताया, तब उनके परिजन और गांव वाले स्कूल पहुंचे। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष झलेन्द्र साहू सहित कई लोगों ने स्थिति की जानकारी ली और स्व-सहायता समूह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसके बाद,परिजन बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहाँ एहतियात के तौर पर 78 बच्चों को एंटी-रेबीज वैक्सीन की पहली खुराक दी गई। लच्छनपुर स्वास्थ्य

उत्तराखंड में नौ नए थाने और 44 पुलिस चौकियां शुरू करेगी धामी सरकार

4200 गांवों को नागरिक पुलिस के दायरे में लाना

देहरादून। उत्तराखंड की धामी सरकार राज्य के 4200 गांवों को नागरिक पुलिस के दायरे में लाने के लिए नौ नए थाने और 44 पुलिस चौकियां खोलने की तैयारी में जुट गई है। यह कदम पटवारी या राजस्व पुलिस व्यवस्था को समाप्त करने और उत्तराखंड हाईकोर्ट के निर्णय का पालन करने की दिशा में उठाया जा रहा है। धामी सरकार की इस योजना के तहत शेष 4200 राजस्व गांवों को नागरिक पुलिस के तहत लाना। इसके अलावा 9 नए पुलिस थाने और 44 पुलिस चौकियां प्रस्तावित हैं। इन नए थानों और चौकियों के लिए करीब 650 नए पदों का सृजन किया जाएगा, जिससे युवाओं को सरकारी सेवा में आने का मौका मिलेगा। दरअसल यह पहल उत्तराखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर आधारित है, जिसका उद्देश्य राज्य के सभी राजस्व क्षेत्रों को नागरिक पुलिस के दायरे में लाना है। इसके तहत पहले चरण में 1200 से अधिक गांवों को पहले ही नागरिक पुलिस के दायरे में लाया जा चुका है, जिसके लिए 6 थाने और 21 चौकियां खोली गई थीं।

आलोचना | **25 साल की लड़की चार जगह मुंह मार चुकी होती**

अनिरुद्धाचार्य पर गुस्से से लाल हुईं कांग्रेस नेता अलका लांबा , मेरे बस में होता तो मुंह पर कालिख पोत देती

नई दिल्ली। मथुरा जिले के वृंदावन के कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर एक विवादित बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कहा, लोगों से अपील कि फिर जल्दी शादियां करना शुरू कर दें। क्योंकि 25 साल की लड़की चार जगह मुंह मार चुकी होती है। इस बयान के बाद उनकी चौतरफा आलोचना हो रही है। अब अनिरुद्धाचार्य के बयान पर कांग्रेस महिला मोर्चा की अध्यक्ष अलका लांबा ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने कहा, अगर मैं होती और मेरे बस में होता, अनिरुद्धाचार्य के मुंह पर कालिख पोत देती। उन्होंने उन लोगों पर भी निशाना साधा जो उनकी प्रतिक्रिया पर आपत्ति जता सकते हैं, और कहा कि गुस्सा अनिरुद्धाचार्य के बयान पर होना चाहिए, उन पर

नहीं। वहीं चौतरफा हो रही आलोचना के बाद, अनिरुद्धाचार्य ने अपने बयान पर सफाई देकर माफी मांगी है। उन्होंने एक सभा में लोगों से पूछा कि क्या वे लिव-इन में रहकर आई बहू चाहते है। उन्होंने कहा कि शादी से पहले लिव-इन में रहना गलत है और उन्होंने सत्य बोला है, इसलिए उनका विरोध किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि वह कभी नारी का अपमान नहीं कर सकते और वायरल हुआ वीडियो एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से बनाया गया है, जिसमें उनके मूल विचारों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि उनका इरादा किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था और अगर किसी को दुख पहुंचा है, तब वह क्षमाप्रार्थी हैं। बात दें कि बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी की बहन और भारतीय सेना की रिटायर्ड मेजर खुशबू पाटनी ने भी अनिरुद्धाचार्य के बयान की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा, अगर ये मेरे सामने होता, तब मैं इसे समझा देती कि मुंह मारना क्या होता है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से अब तक उत्तराखंड के किसानों को मिले 3,300 करोड़ रुपये

देहरादून। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी होने के बाद, उत्तराखंड के किसानों को अब तक कुल 3,300 करोड़ से अधिक की राशि प्राप्त हो चुकी है। यह जानकारी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से योजना की 20वीं किस्त के तहत देशभर के 9.70 करोड़ किसानों के खातों में 20,500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डिजिटल रूप से हस्तांतरित की। इस किस्त में उत्तराखंड के 8 लाख से अधिक लाभार्थी किसान परिवारों को 184.25 करोड़ रुपये मिले। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि योजना के तहत उत्तराखंड के किसानों को अब तक कुल 3,300 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। सीएम धामी ने जोर दिया कि 2014 के बाद से किसानों के कल्याण के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं, और प्रधानमंत्री किसानों की आय दोगुनी करने और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। अन्य योजनाएं के तहत प्रमुख फसलों पर एमएसपी बढ़ाकर किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाया जा रहा है।

लाड़ली बहनों के आशीर्वाद से तेजी से हो रहे प्रदेश में विकास कार्य

रक्षा-सूत्र केवल धागा नहीं संकल्प है लाड़ली बहनों की रक्षा का, सहयोग का और स्वप्नों को साकार करने का : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के रघुनंदन गार्डन में रक्षाबंधन कार्यक्रम में हुए शामिल

दैनिक भेल पॉवर

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज मैं जहां भी हूं बाबा श्रीमहाकाल और आप सभी लाड़ली बहनों के आशीर्वाद से हूं। लाड़ली बहनों के आशीर्वाद से प्रदेश में विकास के सभी कार्य तेजी से हो रहे हैं। सनातन संस्कृति के सभी त्यौहार हमें जोड़ने का कार्य करते हैं और पारिवारिक संबंध मजबूत करते हैं।

रक्षाबंधन के त्यौहार पर जब बहनों के साथ भांजे भांजी का घर में आगमन होता है तो घर की रौनक और भी बढ़ जाती है। रक्षा-सूत्र केवल धागा नहीं एक संकल्प है बहन की रक्षा का, सहयोग का और स्वप्नों को साकार करने का। भगवान श्री कृष्ण को द्रौपदी ने रक्षा-सूत्र बांधा, भगवान श्रीकृष्ण ने राखी का मान रखना सिखाया। भगवान श्रीकृष्ण ने सभी कर्तव्यों में बहन द्रौपदी की हर समय, हर परिस्थिति में रक्षा की। भगवान शिव की शक्ति माता पार्वती भी प्रकृति को कष्ट होने पर माँ कालिका का रूप लेकर कष्टों का निवारण करती हैं। इसी प्रकार लाड़ली बहनें भी प्रदेश और समाज के सभी कष्टों का निवारण करती हैं। बहनों, बुआ और बेटियों से ही पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक समृध्दि होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन स्थित रघुनंदन गार्डन में रविवार को लाड़ली बहनों द्वारा आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुश्मनों को यह बता दिया कि हम बहनों के सिंदूर की रक्षा के लिए कृत-संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में बहनों का सशक्तिकरण करने के लिए लखपति दीदी और ड्रोन दीदी आदि योजनाएं संचालित की जा रही हैं। दुनिया के सभी देशों में केवल भारत ही है जहां त्यौहार को रिश्तों से जोड़कर सामूहिक जीवन जीने की शैली सिखाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार बहनों के जीवन में समृध्दि लाने के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार बहनों के उत्थान के लिए सदैव कार्य करती रहेगी। लाड़ली बहनाओं को वर्तमान में 1250 रुपए की राशि प्रदान की जा रही है उसे बढ़ाकर भाईदूज से 1500 रुपए किये जाएंगे। बहनों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शासन द्वारा संपूर्ण मदद की जा रही है। राज्य सरकार की ओर से कारखानों में कार्य करने वाली हर बहन को 5 हजार रुपए की राशि दस वर्ष तक प्रदान की जा रही है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम की शुरूआत लाड़ली बहनों को झूला झुलाकर की। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर कन्या-पूजन भी किया गया। इस अवसर पर कन्याओं को स्कूल बैग और पुस्तकें भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली बहनों पर पुष्प वर्षा की और उनसे राखी बंधवाई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को लाड़ली बहनों ने हस्तनिर्मित बड़ी राखी भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में लाड़ली बहनों का आभार ''फूलों का तारों का, सबका कहना है; एक हजारों में मेरी बहना है'' गीत गाकर प्रकट किया। रक्षाबंधन कार्यक्रम में बडी संख्या में लाड़ली बहनें, महापौर श्री मुकेश टटवाल, सभापति श्रीमती कलावती यादव, श्री संजय अग्रवाल, श्री रवि सोलंकी, पार्षदगण व अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित थे।

महापौर श्रीमती मालती राय ने किया हैहय कल्चुरी महासभा के स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ

दैनिक भेल पॉवर

भोपाल। महापौर श्रीमती मालती राय ने अखिल भारत वर्षीय हैहय कल्चुरी महासभा के स्थापना दिवस का शुभारंभ किया। महापौर श्रीमती माली राय ने रविवार को कोलार रोड स्थित एल.एन.सी.टी. के सभागार में अखिल भारत वर्षीय हैहय कल्चुरी महासभा के 90वे स्थापना दिवस समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयनारायण चौकसे, राष्ट्रीय

महासचिव श्री एम.एल.राय, महिला ईकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पूनम चौधरी सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्यगण, महासभा के विभिन्न प्रदेशों के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी तथा कल्चुरी समाज के वरिष्ठ नागरिक व स्वजातीय बंधु मौजूद थे।

किसानों को समझाने के बाद फिर खुला जाम जब तक परेशान होती रही आम जनता

दैनिक भेल पॉवर

बनखेड़ी पिपरिया रोड पर किसानों के द्वारा रोड जाम कर दिया मूंग की तुलाई नही हुई इस बात को लेकर किसानों ने जाम कर दिया वो भी मेन रोड पर टैक्टर ट्राली लागा कर इस खबर को देखते हुए तहसीलदार और पुलिस टीम मौके पर पहुंचे बात को समझते हुए किसानों को समझने की कोशिश की कुछ समय बाद जाम खोलेने पर प्रयास किया तहसीलदार महोदय ने बताया शनिवार एवं रविवार को मूंग तुलाई के आदेश नहीं

है पर सोमवार से विधिवत मूंग तुलाई चालू होगी इस बीच किसानों ने सरकार को कोशा नारे लगाए गए लेकिन देखते देखते थोड़ी देर बाद पूरी तरह से जाम खुल गया तहसीलदार एवं पुलिस टीम की समझदारी से आवागमन को सुचारू रूप चालू करा दिया गया।

सीएम को भाया सीहोर के युवा उद्यमी का पंचगव्य तेल, सहयोग का दिया आश्वासन

दैनिक भेल पॉवर

सीहोर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को युवा उद्यमी अंकित जायसवाल का पंचगव्य आयुर्वेदिक तेल बेहद पसंद आया है। शनिवार 2 अगस्त को बडिखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 1600 करोड़ रुपये की औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अंकित की जमकर तारीफ की। विधायक सुदेश राय ने मुख्यमंत्री से अंकित जायसवाल की मुलाकात कराई। अंकित ने उन्हें अपनी कंपनी जायसवाल इनोवेशन का पंचगव्य तेल भेंट किया, जो देसी गाय के दूध से तैयार किया गया है। उत्पाद की गुणवत्ता और अंकित के नवाचार से प्रभावित होकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनकी पीठ थपथपाई। मुख्यमंत्री ने अंकित को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे पंचगव्य से तेल के अलावा अन्य आयुर्वेदिक उत्पाद भी तैयार करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार ऐसे प्रयासों में हर संभव मदद करेगी। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि अंकित जैसे युवा उद्यमी प्रदेश के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और उन्हें ऐसे ही कमाल करते रहना चाहिए।

वरिष्ठ समाजसेवी की यादगार में हुआ छाता का वितरण

दैनिक भेल पॉवर

समाजसेवी स्वर्गीय तेजसिंह छाबड़ा की यादगार मे उनके पुत्रो द्वारा हर बर्ष जरूरतमंदो कुछ ना कुछ वितरण किया जाता है! इस बार भी इतवारा बाजार में उनके पुत्र सब्जी मार्केट एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष जसवीर सिंह ओर बबलू छाबड़ा द्वारा बरसात का मौसम देखते हुए जरूरतमंदों को छाता वितरण किया गया! जिससे कि लोग बारिश आने पर भीगे ना, यह उनकी दूरदर्शिता की सोच को भी दशार्ती है! और अपने पिता के प्रति सम्मान को भी दशार्ता क्योंकि पिता के जाने के बाद हमेशा सूनापन बना रहता है, उनकी यादगार में कुछ ना कुछ करते रहना ही सच्ची श्रद्धांजलि कहलाती है!

अन्नदाता ओर वेयरहाउस में उपस्थित सभी लोगों को कराया भोजन

दैनिक भेल पॉवर

कठौतिया सेंट्रल वेयरहाउस में कई दिनों से अन्नदाताओं की मूंग तुलाई करने को लेकर लंबी लाइन लग रही, जिसके कारण उनके नंबर आने मैं दो से तीन दिन ओर किसी को पांच दिन तक लग रहे है, इसी कारण कुछ किसान संगठनों द्वारा पहले भी नाश्ता की व्यवस्था की गई थी, आज सब्जी मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष जसवीर सिंह छाबड़ा द्वारा गुरु नानक लंगर कमेटी से सबको भोजन रूपी प्रसाद ग्रहण कराया, क्योंकि अन्नदाता हर व्यक्ति को भोजन कराता है और आज जब वह लाइन के कारण कुछ अन्नदाता घर जाने असमर्थ है क्योंकि वह प्रतिदिन तो भोजन करने घर जा नहीं सकते यही सोचकर आज छाबड़ा परिवार एवं

लंगर समिति के सदस्यों द्वारा वहीं पर भोजन बनवाकर सभी लोगों को भोजन कराया गया,!

इंदौर-भोपाल हाईवे पर हादसा, चाटर्ड ने खड़ी बस में मारी टक्कर, दो दर्जन यात्री घायल

दैनिक भेल पॉवर

सीहोर। रविवार सुबह भोपाल.इंदौर हाईवे पर उस समय हडकंप मच गया, जब आष्टा क्षेत्र के पास एक तेज रफ्तार चार्टर्ड बस पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में लगभग दो दर्जन यात्री घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। शुरूआती जांच में हादसे का कारण बस का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। घटना सुबह करीब 10.15 बजे अरनिया गाजी जोड़ के पास हुई। इंदौर से भोपाल जा रही चौहान ट्रेवल्स की एक बस यात्रियों को उतारने के लिए रुकी हुई थी। इसी दौरान नाथद्वारा से भोपाल की ओर आ रही एक तेज रफ्तार चार्टर्ड बस ने पीछे से खड़ी बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चार्टर्ड बस अनियंत्रित होकर सडक पर पलट गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया हादसे के बाद मौके पर चीख.पुकार मच गई। सूचना मिलते ही आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर और एएसपी सुनीता रावत सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से घायलों को तुरंत एंबुलेंस और निजी वाहनों से आष्टा के सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया। घायलों में एक व्यक्ति को पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य को हल्की चोटें आई हैं। स्थानीय लोग बने देवदूत हादसे के बाद चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल था, लेकिन इस

दौरान स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने मानवता की मिसाल पेश की। उन्होंने पुलिस के साथ मिलकर घायलों को बाहर निकालने में मदद की और कई लोग तो अपने निजी वाहनों से घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने लगे। हाईवे पर लगा लंबा जामबस पलटने के कारण भोपाल.इंदौर हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को हटाकर लगभग एक घंटे बाद यातायात सामान्य करवाया। घटना के बाद पुलिस ने फिलहाल मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

दुख तकलीफ की घड़ी है, ऑखों में आंसू मत लाना! सरकार इस संकट से बाहर निकालेगी- केन्द्रीय मंत्री चौहान

केन्द्रीय मंत्री ने सिलवानी सहित बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा, मूंग उपार्जन केन्द्र का भी किया निरीक्षण

दैनिक भेल पॉवर

सत्येंद्र जोशी रायसेन। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री और क्षेत्रीय सांसद श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा रविवार को रायसेन जिले के सिलवानी तहसील में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बम्होरी, पड़रिया जोड़, बरदहा बम्होरी जोड़, सांईखेड़ा और सिलवानी का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ से फसलों, मकानों आदि को हुई क्षति का जायजा लिया। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री चौहान ने सांईखेड़ा में बाढ़ प्रभावित खेतों में पहुंचकर फसलों को

हुई क्षति का भी जायजा लिया। उन्होंने सांईखेड़ा और सिलवानी के वार्ड क्रमांक-01 में घरों में जाकर बाढ़ से हुए नुकसान को देखा। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने बाढ़ प्रभावितों से कहा कि यह दुख, तकलीफ की घड़ी है! माताएं-बहनें, किसान ऑखों में आंसू मत लाना, मुसीबत की इस घड़ी से सरकार बाहर निकालेगी। केन्द्र और प्रदेश सरकार बाढ़ प्रभावितों के साथ है उनकी हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि वह किसान हैं और किसानों के दर्द को भली-भांति जानते हैं। किसानों की सेवा उनके लिए भगवान की पूजा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बाढ़ से हुई क्षति का सर्वे कर आकलन किया जाएगा और सर्वे पूरा होने पर सूची पंचायत में लगाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वे कार्य ईमानदारी से किया जाए! मकान गिर गए हैं, क्षतिग्रस्त हो गए हैं, सामान बह गया है या फसल खराब हुई है, जो नुकसान हुआ है वह पूरा लिखें। इसके अलावा आरबीसी 6/4 के तहत भी राहत दिलवाई जाए। साथ ही जिन किसानों ने फसल बीमा कराया है उन्हें फसल बीमा योजना के तहत भी राशि दिलवाई जाएगी। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि क्षेत्र में खाद की शिकायत प्राप्त होने पर अकेले सिलवानी के लिए 600 मीट्रिक टन खाद का आवंटन कराया है जिससे कि जहां जरूरत हो वहां किसानों को सरलता से खाद मिले। साथ ही पूरे रायसेन जिले के लिए 2500 मीट्रिक टन खाद का आवंटन कराया गया है। जिले में कहीं भी नकली खाद बेची जाती है तो दोषियों को जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी की जा रही है। उपार्जन केन्द्रों पर केवल किसानों की मूंग ही खरीदी जाए। कुछ जगह सर्वेयर की शिकायतें प्राप्त हुई हैं, इसकी जांच कराई जाएगी। मूंग उपार्जन कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप कराया जाए।

बम्होरी में मूंग उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने बम्होरी में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां मूंग विक्रय हेतु आए किसानों से संवाद कर व्यवस्थाओं तथा उपार्जन कार्य की जानकारी ली। केन्द्रीय मंत्री ने केन्द्र प्रभारी और अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि मूंग उपार्जन कार्य पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से हो। किसानों को मूंग विक्रय के लिए अधिक इंतजार ना करना पड़े। मूंग उपार्जन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त जयंती समारोह

दैनिक भेल पॉवर

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 3 अगस्त को राष्ट्रीय कवि मैथिलीशरण गुप्त की 139 भी जयंती का आयोजन गहोई वैश्य कल्याण समिति द्वारा मैथिलीशरण गुप्त भवन में आयोजित किया गया इस आयोजन में समाज की सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया इस समारोह के पूर्व में महिलाओं के लिए बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता नृत्य प्रतियोगिता फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता और विभिन्न क्रिडाओ का आयोजन किया गया इस आयोजन का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि गण पीएचई के कार्यपालन यंत्री श्री अनुपम गहोई विख्यात साहित्यकार और समाजसेवी श्री गोविंद देवलिया वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष श्री अवनीश जी जैन निवृतमान जनपद सीईओ श्री शंकर लाल जी कुरेले और समाज के प्रतिष्ठित भोपाल से पधारे हुए श्री राम गोपाल गुप्ता डल्लू जी द्वारा गुप्त जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित करके किया गया इस आयोजन की

सभी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार और समाज के मेधावी बच्चों के लगभग सबा सौ पुरस्कार अतिथियों द्वारा वितरित किए गए स भव्य आयोजन के अवसर पर राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त के जीवन और उनकी साहित्यिक उपलब्धियां के ऊपर सभी अतिथियों ने और विद्वानों ने प्रकाश डाला साहित्यकार श्री देवलिया जी ने एक अनूठी बात बताई की राष्ट्रकवि के रूप में सुशोभित श्री मैथिलीशरण गुप्त जी ने कोई भी औपचारिक स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं की थी उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए औपचारिक शिक्षा एक छोटा सा साधन है आपके मन की इच्छा शक्ति से आप किसी भी बड़े मुकाम को छू सकते हैं एग्जीक्यूटिव इंजीनियर श्री अनुपम जी गहोई ने राष्ट्कवि मैथिलीशरण गुप्त को याद करते हुए उनकी प्रेरक पंक्तियों को सब के समक्ष प्रस्तुत किया इस भव्य आयोजन में गहोई वैश्य कल्याण समिति के पदाधिकारी को और महिला मंडल के पदाधिकारी को शपथ अधिकारी श्री शंकर लाल कुरेले ने विधिवत शपथ ग्रहण कर कर पदभार दिया सभी अतिथियों ने नई कार्यकारिणी से अपेक्षा की की यही सब पदाधिकारी समाज में सांस्कृतिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे कल्याण समिति की नई निर्वाचित समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष गोविंद बरसैयां सचिव रामानंद मोर कोषाध्यक्ष श्री दिनेश निखरा एवं महिला मंडल की ओर से अध्यक्ष रेखा गुप्ता उपाध्यक्ष सुमन गुप्ता सचिव श्रीमती तृप्ति कुरेले कोषाध्यक्ष श्रीमती अनीता कुरेले ने शपथ अपने कार्यकारिणी के साथ ग्रहण की समिति के पूर्व अध्यक्ष श्री रमाकांत जी ने नई समिति ने पदाधिकारी को कार्यभार दिया इसी तरह महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती आशा कनकने ने नई कार्यकारिणी को पदभार सौंपा गहोई समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री के एन गुप्ता श्री राजकुमार जी गुप्ता पूर्व पार्षद श्री कृष्ण कुमार सेठ श्री राजेंद्र बरसैया हरिचरण जी गुप्ता प्रदीप बिलैया श्री रामेश्वर जी रावत श्री पुरुषोत्तम जी गुप्ता श्री नंदकिशोर जी सुहाने श्री अशोक बरसैयां श्री प्रकाश गुप्ता सहित सभी वरिष्ठ जनों ने अतिथियों का स्वागत किया और मैथिली शरण गुप्त की प्रतिमा के रूप में सभी अतिथियों को स्मारक भेंटकर शाल श्रीफल से अभिनंदन किया कार्यक्रम का संचालन राहुल सेठ एवं वंदना गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया कार्यक्रम के मुख्य आयोजन के रूप में रमाकांत गुप्ता महेंद्र बड़कुल गोविंद बरसैया चंद्रकांत गुप्ता ने अपने साथियों सहित सभी उपस्थित अतिथि एवं समाज में पधारे हुए सभी समाजजन का हृदय से धन्यवाद किया इस कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से सामूहिक भोज का आनंद लिया कार्यक्रम की सुंदर सफलता के लिए आभार व्यक्त करने के लिए समाज की ओर से श्री राजकुमार जी सुहाने एवं महेंद्र बड़कुल ने सभी का बारंबार आभार प्रकट किया समारोह के सुंदर संयोजन के लिए समाज के श्री प्रमोद गुप्ता जी का भी सभी सामाजिक जनों ने आभार प्रकट किया।

कोई पूछ रहा था नाश्ते की, कोई पानी की... हर कोई शिवभक्तों की सेवा में समर्पित दिखा

कांवड़ियों की सेवा में समर्पित सीहोर, भक्ति से सराबोर हुआ वातावरण

दैनिक भेल पॉवर

सीहोर। श्रावण मास की पावन बेला में सीहोर का वातावरण पूरी तरह भक्ति में डूबा नजर आया। रविवार को हजारों श्रद्धालुओं की आस्था की एक अनूठी झलक तब देखने को मिली, जब वे नंगे पैर सीवन नदी घाट से 11 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा कर कुबेरेश्वरधाम बाबा भोलेनाथ के दर्शन हेतु निकल पड़े। हर ओर 'बोल बम' के जयघोष गूंज रहे थे, डीजे की धुन और ढोल-मंजीरों की थाप पर भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दिव्य माहौल को और अधिक पावन बना दिया शहर के सेवाभावी लोगों ने, जिन्होंने देश के कोने-कोने से आए कांवड़ियों के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी। स्थानीय इंदौर-भोपाल रोड स्थित डी मार्ट के पास पंडित प्रदीप मिश्रा के सेवा पंडाल में सुबह से ही श्रद्धालुओं के लिए गर्मागर्म पोहा और ताजे केले का नाश्ता तैयार किया गया। नाश्ता वितरण का यह पुण्य कार्य शाम तक चलता रहा। सेवा में लगे हर चेहरे पर एक संतोष भरी मुस्कान थी, मानो भगवान शिव को ही भोग अर्पित कर रहे हों। सेवाभाव से ओतप्रोत लोगों का कहना था, यह हमारा सौभाग्य है कि हमें बाबा भोले के भक्तों की सेवा का अवसर मिला। यही सच्चा धर्म है। श्रद्धालुओं ने इस सेवा को सच्चे शिवत्व की अनुभूति बताया और मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सीहोर की सड़कों पर केवल यात्रियों के पांव नहीं थे, बल्कि आस्था, समर्पण और सेवा के पवित्र पदचिन्ह थे, जो लंबे समय तक लोगों के हृदय में अमिट रहेंगे।

माहेश्वरी समाज के राष्ट्रीय सचिव होंगे मुकेश गुप्ता

दैनिक भेल पॉवर

नरसिंहगढ़। अखिल भारतीय (धा) माहेश्वरी समाज के केंद्रीय नेतृत्व ने नरसिंहगढ़ से मुकेश गुप्ता को माहेश्वरी समाज के राष्ट्रीय सचिव पद पर मनोनीत किया है श्री गुप्ता के सचिव बनने पर सभी समाज बंधुओं ने बधाई दी..जिनमें डॉ बंशीलाल गुप्ता, बी.के गुप्ता,भारत झांवर, अलकेश गुप्ता,श्याम गुप्ता, कैलाश गुप्ता, राजेश भंडारी, राजेश विजयवर्गीय, कीर्ति मेहता, जया भंडारी, साधना अग्रवाल, अर्चना गुप्ता एवं अन्य समाज बंधुओं के बधाई दी।

निरंतर 11 वा वर्ष विशाल लंगर

दैनिक भेल पॉवर

नरसिंहगढ़। सावन की आखिरी सोमवार 4 अगस्त ओमकार सेवा मंडल द्वारा नरसिंहगढ़ स्थित हजारों वर्ष प्राचीन महादेव मंदिर दर्शन को लाखों श्रद्धालु देव नगरी नरसिंहगढ़ में हर वर्ष सावन माह में आते हैं सावन के पावन महा में ओमकार सेवा मंडल द्वारा निरंतर 11 वर्षों से शिव भक्तों की सेवा में लंगर जलपान फराली व्यंजनों से अतिथियों का भव्य स्वागत नरसिंहगढ़ एवं महादेव मंदिर के राजाधिराज बाबा बैजनाथ की भव्य पालकी शहर मैं भ्रमण बैजनाथ मंदिर से होकर पूरे शहर का भ्रमण करेगी वही पालकी का संस्था द्वारा फल फुल प्रसाद आरती से भव्य स्वागत अभिनंदन किया जाएगा ओमकार सेवा मंडल द्वारा बनाई गई भव्य भगवान शिव नटराज की मूर्ति का पूजन एवं आरती नरसिंहगढ़ रिटायर्ड एसडीओपी अप उपेंद्र सिंह भाटी नरसिंहगढ़ नगर पालिका सीएमओ

नरसिंहगढ़ मेहताब अस्पताल बीएमओ एवं पधारो अतिथियों द्वारा आरती पूजन पाठ संपन्न कर प्रसाद वितरण शुरू किया जाएगा ओमकार सेवा मंडल संस्था के सदस्य निरंतर 11 वर्षों से सावन माह में लंगर के अलावा हजारों वर्ष पुराने अति प्राचीन मंदिरों देव स्थल शहीद स्थल वृक्षारोपण पर्यावरण शिक्षा स्वास्थ्य जनसेवा जैसे कई क्षेत्रों में कार्य कर रही है संस्था द्वारा निरंतर 11 वर्ष के कार्यक्रम को लेकर बैठक में संस्था के वरिष्ठ सदस्य सामाजिक एवं धार्मिक बंधुओ द्वारा शासन एवं प्रशासन से मिलकर नरसिंहगढ़ को महादेव लोग बनाने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया नरसिंहगढ़ नगर के अति प्राचीन मंदिरों की श्रृंखला जो शहर को धार्मिक नगरी का गौरव प्रदान करती है नगर को धार्मिक एवं पर्यटक नगरी बनाने प्रयासों में एक छोटा सा प्रथम प्रयास नरसिंहगढ़ को महादेव लोक बनाने के लिए ओमकार सेवा मंडल द्वारा भगवान नटराज की एक मनमोहक मुद्रा में पक्के मसाले की मूर्ति का निर्माण किया जा रहा है जो कार्यक्रम के बाद शहर में सर्वजनों की सर्वसम्मति से कहीं स्थापित कर दी जाएगी ।

भोपाल से घर लौट रहे युवक को नशे की हालत में सड़क पर पड़ा पाया

पूर्व सरपंच और मित्र ने दिखाई इंसानियत

- डेढ़ लाख रुपये लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल

दैनिक भेल पॉवर

नरसिंहगढ़। भोपाल से अपने गांव लक्ष्मणपूरा (राजगढ़) लौट रहा एक युवक उस समय चर्चा में आ गया जब वह गादिया स्कूल के पुर्व सरपंच कमल कुशवाह के घर के पास नशे की हालत में बेसुध पड़ा मिला। लेकिन इस संकट की घड़ी में गांव के पूर्व सरपंच कमल कुशवाह और उनके मित्र दिलीप कुशवाह ने जो किया, वह आज मिसाल बन गया है। पूर्व सरपंच और उनके साथी जब गादिया स्कूल के पास से गुजर रहे थे, तो उन्होंने युवक को संदिग्ध अवस्था में देखा। पास जाकर जब उन्होंने युवक से बातचीत की तो युवक ने उन्हें डेढ़ लाख रुपये सौंप दिए पूर्व सरपंच कमल कुशवाह और उनके साथी दिलीप कुशवाह ने बिना कोई समय गंवाए, पूर्व सरपंच ने युवक के परिजनों को कॉल कर घटना की सूचना दी और तत्काल मोबाइल वे वीडियो रिकार्डिंग की और पूरी रकम सकुशल लौटा दी। इस नेक कार्य से उन्होंने ईमानदारी और मानवता की एक बेहतरीन मिसाल पेश की। गांववालों ने भी इस सराहनीय कार्य की खुले दिल से प्रशंसा की और कहा कि ऐसे लोग समाज के लिए प्रेरणा हैं। जब पूरी दुनिया में लालच और धोखा बढ़ रहा है, ऐसे में पूर्व सरपंच कमल कुशवाह और उनके मित्र दिलीप कुशवाह जैसे लोग समाज में भरोसे की लौ को ज़िंदा रखे हुए हैं।

कृषि उपज मंडी में पीएम किसान दिवस का आयोजन

पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी

दैनिक भेल पॉवर

नरसिंहगढ़। कृषि उपज मंडी, नरसिंहगढ़ में शनिवार को प्रधानमंत्री किसान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (ढट-डकरअठ) की 20वीं किस्त किसानों के खातों में ट्रांसफर की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों ने मंडी परिसर में स्थापित एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीधा संबोधन (लाइव) देखा और सुना, जिसमें उन्होंने किसानों को योजना से जुड़े लाभों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है और यह योजना उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुशील कुमार मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार मंडी व्यापारी अध्यक्ष केशव लालजी बिहानी पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश मालवीय भरत झंवर मुन्ना साहू दीपक दांगी सहित बड़ी संख्या में किसान, कृषि विभाग मंडी के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कीटनाशक छिड़कने गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत, जहरीले जंतु के काटने की आशंका

दैनिक भेल पॉवर

नरसिंहगढ़। पाडली गुसाईं गांव से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां कीटनाशक छिड़कने खेत में गए 40 वर्षीय युवक हरि सेन, पिता राधे सेन की मौत हो गई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, युवक की मौत जहरीले जंतु के काटने से होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि हरि सेन सुबह खेत में फसल पर कीटनाशक छिड़कने गए थे। कुछ देर बाद वह बेहोशी की हालत में पाए गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें तुरंत सिविल मेहताब अस्पताल नरसिंहगढ़ ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजन को सौंप दिया डॉक्टरों और पुलिस के मुताबिक मौत का कारण संभवतः किसी अज्ञात कारण या जहरीले

जीव-जंतु का काटना हो सकता है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। हरि सेन अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं जानकारी के अनुसार हरि सेन मजदूरी कर अपनी जीवन यापिका चलाता था वही ग्रामीण जनो ने पैसे एकत्रित कर शव अस्पताल से घर ले जाने के लिए व्यवस्था की व ग्रामीणों ने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से आर्थिक मदद की मांग भी की ।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ की जिला कार्यकारिणी का हुआ निर्वाचन

दैनिक भेल पॉवर

रायसेन। म.प्र. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ की जिला बैठक सागर चौराहा के पास रायसेन में हुई। जिसमें जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी विशेष अतिथि श्रीमती वसुधा मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष म. प्र. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्रीमती सीता विश्वकर्मा एवं किशोर सिंह ठाकुर पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ राज्य कर्मचारी संघ से बृजेश सिंह ठाकुर, जगदीश शाक्य की मौजूदगी में नवीन कार्यकारिणी के निर्वाचन हेतु भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री अरविंद सिंह ठाकुर को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया

जिन्होंने सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष श्रीमती हेमा ठाकुर को बनाया जिला उपाध्यक्ष के लिए श्रीमती छाया सोनी,श्रीमती मधु यादव,श्रीमती शर्मिला चंद्रवंशी, श्रीमती मणि यादव कु.सोना बंसल, तथा जिला सचिव श्रीमती हेमलता त्रिवेदी को नियुक्त किया। इसी तरह सहसचिव निशा खत्री,कोषाध्यक्ष विमला सिंह, सह कोषाध्यक्ष सुशीला पवार को बनाया जबकि कार्यालय मंत्री कु.मोनिका राय, सह कार्यालय मंत्री रिचा शर्मा एवं मीडिया प्रभारी श्वेता चौकसे सहमीडिया प्रभारी कमलेश चौरसिया को बनाया। कार्यकारिणी सदस्यों में सरोज पाटकर ममता शर्मा दुर्गा सोनी प्रीति चिड़ार, बबीता रजक आदि को निर्वाचित किया। बैठक के अंत में नवीन कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार माना।

रायसेन में 4 अगस्त को निकलेगी विशाल कावड़ यात्रा

माध्यम ग्रुप द्वारा 4 अगस्त को विशाल कावड़ यात्रा सोमेश्वर धाम किले पहुंच कर भगवान शिव को जल अभिषेक करेगी

दैनिक भेल पॉवर

रायसेन। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन के पावन महीने के अवसर पर विशाल कावड़ यात्रा शिव भक्तों द्वारा 4 अगस्त दिन के 10:00 बजे मध्यम ग्रुप के तत्वाधान से नगर के हनुमान मंदिर पाटन देव से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्ग अर्जुन नगर, मुखर्जी नगर, यसवंत नगर, भोपाल चौराहा, महामाया चौक, इंडियन चौराहा, दुर्गा चौक, तिपट्ट बाजार, मालीपुर, नरा पूरा होते हुई रायसेन स्थित किले पर सोमेश्वर धाम पहुंच कर जलाभिषेक करेंगे। हजारों संख्या में शिव भक्तों द्वारा हर हर महादेव बम बम भोले के जय सोमेश्वर धाम के उद्घोष के साथ रायसेन स्थित किले पर विराजमान भगवान सोमेश्वर की पूजा अर्चना जल अभिषेक के साथ की जाएगी। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि कावड़ यात्रा के आयोजक चरण सेवक जमना सेन ने बताया कि इस

वर्ष कावड़ यात्रा में आकर्षण के केंद्र शिव पार्वती की झांकी का मनमोहक दृश्य ढोल तासे डमरू पार्टी डीजे ढपला पार्टी दिल दिल घोड़ी अखाड़े लेहगी एवं हजारों की संख्या में माता बहने एक ही परिवेश में आकर्षण का केंद्र होगी। श्री सेन ने बताया कि आयोजन समिति द्वारा कावड़ यात्रा में सम्मिलित होने वाली माता बहनों को निशुल्क साड़ी का वितरण हर वर्ष किया जाता है। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सविता जमना सेन ने समस्त माता बहने बच्चे समस्त नागरिकों से निवेदन किया है कि वह 4 अगस्त को 10:00 हनुमान मंदिर पाटन देव पहुंचकर नगर में निकलने वाली विशाल कावड़ यात्रा मैं सम्मिलित होकर कावड़ यात्रा को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा निकालने का मुख्य उद्देश्य नगर में सुख समृद्धि अमन चैन बना रहे इसी को लेकर शिवजी की पूजा अर्चना एवं जल अभिषेक किया जाएगा।

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में "क्षमा दिवस" का भावपूर्ण आयोजन

दैनिक भेल पॉवर

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में 2 अगस्त 2025 को ₹क्षमा दिवस₹ अत्यंत भावनात्मक, प्रेरणादायक एवं आत्मचिंतनपूर्ण वातावरण में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में क्षमा, दया, सहिष्णुता, करुणा और आत्ममंथन जैसे मानवीय मूल्यों का विकास करना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकालीन प्रार्थना सभा से हुई। इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमती अंजू गोगिया ने ₹अंतरराष्ट्रीय क्षमा दिवस₹ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने मन में पल रहे नकारात्मक भाव–जैसे गुस्सा, ईर्ष्या, गलतफहमियाँ और पुराने मनमुटाव–को पहचानें और त्याग दें। उन्होंने कहा कि ₹क्षमा केवल दूसरों के लिए नहीं, बल्कि स्वयं के भीतर शांति और संतुलन प्राप्त करने का मार्ग भी है। उल्लेखनीय है कि पुणे स्थित साधु वासवानी मिशन की पहल पर यह कार्यक्रम दादा जे. पी. वासवानी द्वारा प्रारंभ किया गया था, जो अब एक आंदोलन का रूप ले चुका है। इस दिन

को और भी अर्थपूर्ण बनाने के लिए विद्यालय में एक विशेष ₹क्षमा पेटी₹ कक्षाओं में वितरित की गई। विद्यार्थियों को एक निर्धारित प्रारूप में पर्ची लिखने को कहा गया, जिसमें उन्होंने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए नकारात्मक विचारों को त्यागने का संकल्प लिया। सभी विद्यार्थियों ने गंभीरता और आत्मविवेचना के साथ अपने मन की बातें लिखकर पेटी में डालीं। यह पहल बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास की दिशा में अत्यंत प्रेरक सिद्ध हुई। विद्यालय के प्राचार्य श्री ए. एन. मणिकंडन ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा– ₹हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक प्रगति नहीं, बल्कि मानसिक, नैतिक और भावनात्मक परिपक्वता का विकास भी है। क्षमा करना आत्मविकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो बच्चों को सच्ची मानवता और आंतरिक शांति की ओर ले जाता है। कार्यक्रम में विद्यालय के शैक्षणिक निदेशक श्री गोपाल गिरधानी, प्राचार्य श्री ए. एन. मणिकंडन, उपप्राचार्या श्रीमती रेखा केवलानी, कोऑर्डिनेटर्स, शिक्षक एवं छात्रगण उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों की भावनात्मक अभिव्यक्ति की इस पहल की सराहना की और उन्हें हमेशा एक दयालु एवं क्षमाशील हृदय के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मुस्कराते हुए एक-दूसरे से क्षमा माँगी और आपसी सौहार्द, सहयोग व सकारात्मकता के साथ एक नई शुरूआत का संकल्प लिया। यह आयोजन केवल एक दिवस का कार्यक्रम न रहकर, विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण एवं मूल्यपरक शिक्षा का एक सशक्त और अनुकरणीय उदाहरण बन गया।

राष्ट्रीय शिक्षा की ओर कदमः केंद्रीय विद्यालय में प्रवेशोत्सव सम्पन्न

सोमवार से विधिवत कक्षाएं होंगी प्रारंभ

दैनिक भेल पॉवर

नरसिंहगढ़। करीब 25 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार नरसिंहगढ़ में केंद्रीय विद्यालय की शुरूआत हो गई है। शनिवार को मॉडल स्कूल भवन में आयोजित प्रवेशोत्सव के साथ विद्यालय की कक्षाएं औपचारिक रूप से प्रारंभ की गईं। कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई सोमवार से नियमित रूप से शुरू होगी। प्रवेशोत्सव में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा, एसडीएम सुशील कुमार सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि यह विद्यालय नरसिंहगढ़ क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा का द्वार खोलेगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति वर्ष 1998 में मिली थी, लेकिन यह वर्षों तक फाइलों में

अटका रहा। लगातार जनआंदोलन और संघर्ष के बाद अब जाकर यह सपना साकार हुआ है। उन्होंने आंदोलन में शामिल सभी नागरिकों और संघर्ष समिति का आभार व्यक्त किया। एसडीएम सुशील कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि जनता, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समन्वित प्रयास का नतीजा है। इससे क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और स्थानीय बच्चों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। स्थायी भवन के लिए भूमि सुरक्षित गंगाजलिया क्षेत्र में 14 बीघा भूमि केंद्रीय विद्यालय के लिए पूर्व में ही आवंटित की जा चुकी है। प्रशासन द्वारा भूमि को अतिक्रमणमुक्त कर साफ-सफाई की प्रक्रिया शुरू करवाई जा रही है। जल्द ही भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है।

रातों-रात काटा गया चंदन का पेड़, रामानुज शर्मा ने दर्ज कराई थाने में शिकायत

दैनिक भेल पॉवर

नरसिंहगढ़। चंदन की लकड़ी की कीमतों में लगातार इजाफे के बीच अब चोरों की नजर घरों के भीतर लगे चंदन के पेड़ों पर भी पड़ने लगी है। ताजा मामला सामने आया है रामानुज शर्मा के घर से, जहाँ रातों-रात उनका कीमती चंदन का पेड़ काट लिया गया घटना शहर के बाराद्वारी की है जहाँ रामानुज शर्मा अपने घर के आंगन में वर्षों से

एक चंदन का पेड़ उगा रहे थे। शनिवार रात अज्ञात चोरों ने पेड़ को जड़ से काटकर गायब कर दिया। सुबह जब शर्मा जी ने देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत स्थानीय थाने में इसकी शिकायत दर्ज करवाई शिकायत मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।

रेस्ट हाउस में विधायक मोहन शर्मा की अध्यक्षता में मंडल टोली की बैठक सम्पन्न

मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा

दैनिक भेल पॉवर

नरसिंहगढ़। मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन के मद्देनजर आज रेस्ट हाउस में विधायक श्री मोहन शर्मा की अध्यक्षता में विधानसभा की मंडल टोली की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री के स्वागत एवं कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई।मुख्यमंत्री नरसिंहगढ़ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान 'लाड़ली बहना योजना' के तहत पात्र बहनों के खातों में ?1500 की राशि सीधे ट्रांसफर

करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लाभार्थी बहनों की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में मंडल स्तर के पदाधिकारियों, ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपने-अपने सुझाव दिए।

दुनिया को डुबाने में लगे ट्रंप पर भारी पड़ेगा टैरिफ वार

दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी चिर-परिचित शैली में भारत सहित दुनियां के अनेक देशों पर 25 फीसद टैरिफ और रूस से व्यापार करने पर सख्त आर्थिक दंड लगाने की जो घोषणा की है,

किसी भी सेवक के लिए अपना राष्ट्र सर्वोपरी और सर्वप्रथम होना ही चाहिए। इसमें किसी को कोई आपत्ति भी नहीं होगी, लेकिन इसके नाम पर अन्य देशों को हीन और तुच्छ समझा जाना, उन्हें नीचा दिखाना उचित नहीं ठहराया जा सकता है। वहीं खुद लाभ कमाना और दूसरे को घाटे में डालना, ऐसी व्यापार-नीति अच्छी नहीं मानी जा सकती है। इसका दूरगामी परिणाम स्वयं के लिए भी घातक साबित होगा। कुछ ऐसा ही काम इन दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने फैसलों और बयानों के जरिए करते देखे जा रहे हैं। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी चिर-परिचित शैली में भारत सहित दुनियां के अनेक देशों पर 25 फीसद टैरिफ और रूस से व्यापार करने पर सख्त आर्थिक दंड लगाने की जो घोषणा की है, उससे एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था में हलचल मच गई है। यह भी सही है कि ट्रंप अपने बयानों पर कायम नहीं रह पाते हैं, ऐसे में भरोसा भी नहीं होता कि वो कब क्या कहेंगे और कब क्या लागू करेंगे। इसलिए टैरिफ लगाने का यह फैसला जितना अचानक था, उससे कहीं अधिक राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को अस्थिर करने वाला भी साबित हो सकता है। खासकर तब जबकि दुनिया एक ओर मंदी के खतरे से जूझती नजर आ रही हो और दूसरी ओर अमेरिका खुद उच्च मुद्रास्फीति और आर्थिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहा हो। इसे लेकर कनाडाई कारोबारी और टेस्टबेड के चेयरमैन किर्क लुबिमोव ने ट्रंप नीति की तीखी आलोचना भी की है। उनका मानना है कि भारत को टैरिफ और जुमार्ने के जरिए निशाना बनाना अमेरिका की रणनीतिक प्राथमिकताओं के खिलाफ जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा है, कि भारत



आज सिर्फ एक तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था नहीं है, बल्कि यह अमेरिका के लिए चीन के दबदबे को संतुलित करने की दिशा में एक संभावित साझेदार भी है। लुबिमोव की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जबकि भारत वैश्विक सप्लाई चेन में चीन के विकल्प के तौर पर तेजी से उभर रहा है। यह तो सभी जानते हैं कि चीन ने जिस तरीके से वैश्विक बाजार में अपनी पैठ बनाई है, उससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को खासा नुक्सान पहुंचा है। चीन एवं अन्य ताकतवर देशों से आर्थिक तौर पर निपटने की बजाय ट्रंप ने टैरिफ नीति लांच कर बतला दिया कि उन्हें इससे उबरना नहीं आ रहा है। इसलिए कमजोर को और कमजोर बनाने और उभरती अर्थव्यवस्थाओं को कुचलने जैसे फैसले ले लिए गए हैं। वैसे अमेरिका के इस कदम से दुनियां में व्यापारनीति को लेकर भी गंभीरता से विचार-विमर्श किया जाने लगा है। नतीजे में डॉलर की जगह अन्य मुद्रा को मजबूत करने जैसी बातें भी होने लग गई हैं। ब्रिक्स ने इसकी शुरूआत भी कर दी है, जिसे लेकर ट्रंप भी चिंतित हैं, लेकिन चिंता का समाधान वो अपने सहयोगी देशों की पीठों पर कोड़े चलाकर निकालने का दुस्साहस कर रहे हैं। इससे यदि यह समझा जा रहा है कि अमेरिका अपने अंदरुनी संकट से उबर जाएगा तो यह सिरे से ही गलत है, क्योंकि समाधान वैश्विक स्तर पर ही संभव है। इसलिए टैरिफ वार रोक कर नए रास्ते खोजने होंगे। यह भी सोचने वाली बात है कि वैश्विक बाजार खत्म नहीं हो रहा है, बल्कि उसका उपयोग कौन कैसे करे इस पर विचार किया जाना चाहिए। बदलती रणनीति और वैश्विक स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत वर्तमान में रुस से कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा आयातक बन चुका है। देखने वाली बात है कि यूक्रेन युद्ध से पहले यह आयात नगण्य समान था, लेकिन अब यह भारत के कुल तेल आयात का 35 फीसद से अधिक हो गया है। ऐसे में अमेरिका की यह कोशिश कि भारत रूसी तेल से दूरी बनाए, न सिर्फ अव्यावहारिक है बल्कि संप्रभुता पर भी हस्तक्षेप करने जैसा है। इसके अलावा, एक तरफ तो ट्रंप भारत को अच्छा मित्र बताते हैं वहीं दूसरी तरफ वो डेड इकोनॉमी जैसा अपमानजनक टैग भी भारत को ही दे देते हैं। ये तो वो भी जानते हैं कि जो वो कह रहे हैं वो सिर्फ नारा है जो तथ्यात्मक रूप से गलत है, बल्कि यूं कहा जाए कि यह भारत-अमेरिका संबंधों में खटास बढ़ाने जैसा है, तो गलत नहीं होगा। राष्ट्रपति ट्रंप के इस बयान के तुरंत बाद ही भारत सरकार की ओर से भी तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में स्पष्ट किया कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और जल्द ही यह अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर है। इसी के साथ उन्होंने यह भी बतलाया कि भारत वैश्विक जीडीपी वृद्धि में 16 फीसद तक का योगदान दे रहा है और यह ह्लडेड इकोनॉमीह्व नहीं बल्कि ह्लग्रोथ इंजनह्व है। भारत के डिजिटल, वित्तीय और औद्योगिक सुधारों ने इसे वैश्विक निवेश का एक प्रमुख गंतव्य बना दिया है। यहां विचारणीय यह भी है कि अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बने ट्रंप ने सबसे पहले अपने ही पड़ोसी मुल्कों को डराने और धमकाने का काम किया था, जिसे लेकर उन्हें उसी भाषा में जवाब भी मिला। इसके बाद उनकी नीतियां बदल गईं, लेकिन सुर वही रहे, उन्होंने कार्रवाई तो नहीं की लेकिन व्यंग्य करना नहीं छोड़ा। इसलिए ट्रंप ने यह पहली दफा किया हो ऐसा नहीं है, इससे पहले भी टैरिफ और व्यापार युद्धों के जरिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने की कोशिश वो खूब कर चुके हैं। फिर चाहे वह चीन हो, यूरोपीय संघ हो या मेक्सिको। लेकिन इन प्रयासों का नतीजा अमेरिकी उपभोक्ताओं पर महंगाई के रूप में देखने को मिलता रहा है। अमेरिकी विश्लेषकों ने भी पाया कि टैरिफ युद्ध का सबसे बड़ा नुकसान अमेरिका की खुद की अर्थव्यवस्था को होता है, क्योंकि इससे आयात महंगा होता है, रोजगार पर असर पड़ता है और वैश्विक बाजारों में अमेरिकी उत्पादों की प्रतिस्पर्धा घटती है। कीमतों के बढ़ने के साथ ही वस्तु की मांग घट जाती है और इसका वैश्विक बाजार पर खासा असर होता है। इससे आखिर अमेरिका अछूता कैसे रह सकता है। कुल मिलाकर यह टैरिफ वार ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति का हिस्सा तो कतई नहीं हो सकता है, क्योंकि इससे लाभ की जगह नुक्सान ज्यादा होने वाला है। वैसे भी दुनियां जब एक गांव में तब्दील हो चुकी हो तब ऐसे वैश्विक साझेदारी के युग में पुराने जमाने की नीति कैसे सफल हो सकती है? भारत जैसे महान लोकतांत्रिक, विशाल और उभरते बाजार को आंख दिखाना अमेरिका के लिए दीर्घकालिक कूटनीतिक और आर्थिक आत्मघात जैसा हो सकता है। इस नीति से भले ही ट्रंप ने चुनावी जनसमर्थन हासिल कर लिया हो, लेकिन यह अमेरिका को विश्व मंच पर एक गैर-विश्वसनीय और एकपक्षीय शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है। दूसरी ओर भारत, अपनी आर्थिक प्रगति और वैश्विक संबंधों के प्रति संतुलित दृष्टिकोण के जरिए एक स्थिर और जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। अंततः ट्रंप को समझना होगा कि मौजदू सदी में दुनियां भू-राजनीति टैरिफ और धमकियों से नहीं, बल्कि आापसी साझेदारी और समझ से संचालित होती है, वर्ना यह टैरिफ वार उन्हीं पर भारी पड़ सकता है।

वो नटखट,मधुर, चितचोर ... सबका किशोर

मध्यप्रदेश का खंडवा शहर मायानगरी किशोर कुमार की खूबसूरत स्मृतियों से भी जुड़ा है। उनका जन्म खंडवा, मध्यप्रदेश में 4 अगस्त 1929 को हुआ था। उनका वास्तविक नाम आभास कुमार गांगुली था। उनके पिता कुंजलाल गांगुली, एक वकील थे और उनकी माँ गौरी देवी एक गृहिणी थीं। किशोर कुमार के चार भाई अशोक कुमार, अनूप कुमार, कुणाल कुमार और रतन कुमार थे। अशोक कुमार भाइयों में सबसे बड़े थे और भारतीय फिल्म उद्योग के एक प्रसिद्ध अभिनेता भी थे। किशोर कुमार ने भारतीय सिनेमा उस स्वर्णिम दौर में संघर्ष शुरू किया था जब उनके भाई अशोक कुमार एक सफल सितारे के रूप में स्थापित हो चुके थे। उस दौर को याद करें तो सिनेमा में दिलीप कुमार, राज कपूर, देव आनंद, बलराज साहनी, गुरुदत्त और रहमान जैसे कलाकारों के साथ ही पार्श्वगायन में मोहम्मद रफी, मुकेश, तलत महमूद और मन्ना डे जैसे दिग्गज गायकों का ही बोलबाला था। किशोर कुमार ने अपने गानों में भावनाओं को इस तरह पिरोया कि श्रोता उनमें खो जाते थे। उनकी आवाज में एक सहजता और जीवंतता थी जो उन्हें समकालीन गायकों से अलग करती थी। उन्होंने आर.डी. बर्मन, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल, और कल्याणजी-आनंदजी जैसे संगीतकारों के साथ मिलकर कई यादगार गीत दिए।

किशोर कुमार की गायकी का सफर 1940 के दशक में शुरू हुआ। हालाँकि उनके पहले गीत मरने की दुआएँ क्यों माँगू (फिल्मः जिद्दी, 1948) को ज्यादा लोकप्रियता नहीं मिली लेकिन धीरे-धीरे उनकी अनोखी शैली ने लोगों का ध्यान खींचा। उन्होंने विभिन्न शैलियों में गाने गाए जिनमें रोमांटिक, उदास, हास्य, और भक्ति गीत शामिल हैं। किशोर कुमार की शुरूआत एक अभिनेता के रूप में फिल्म शिकारी (1946) से हुई। इस फिल्म में उनके बड़े भाई अशोक कुमार ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। उन्हें पहली बार गाने का मौका 1948 में बनी फिल्म जिद्दी में मिला जिसमें उन्होंने देव आनन्द के लिए खूबसूरत गाना गाया। किशोर कुमार के. एल. सहगल के बड़े प्रशंसक थे इसलिए उन्होंने यह गीत उनकी शैली में ही गाया। जिद्दी की सफलता के बावजूद उन्हें न तो पहचान मिली और न कोई खास काम मिला। उन्होंने 1951 में फणी मजूमदार द्वारा निर्मित फिल्म आन्दोलन में हीरो के रूप में काम किया मगर फिल्म फ़्लॉप हो गई। 1954 में उन्होंने बिमल राय की नौकरी में एक बेरोजगार युवक की संवेदनशील भूमिका निभाकर अपनी प्रभावकारी अभिनय प्रतिभा से भी परिचित किया। इसके बाद 1955 में बनी बाप रे बाप, 1956 में नई दिल्ली, 1957 में मि. मेरी और आशा और 1958 में बनी चलती का नाम गाड़ी जिसमें किशोर कुमार ने अपने दोनों भाईयों अशोक कुमार और अनूप कुमार के साथ काम किया। यह भी मजेदार बात है कि किशोर कुमार की शुरूआत की कई फिल्मों में मोहम्मद रफी ने किशोर कुमार के लिए अपनी आवाज दी थी। मोहम्मद रफी ने फिल्म ह्यरागिनीह्व तथा ह्यशरारतह्व में किशोर कुमार को अपनी आवाज उधार दी तो मेहनताना लिया सिर्फ एक रुपया। काम के लिए किशोर कुमार सबसे पहले एस. डी. बर्मन के पास गए थे जिन्होंने पहले भी उन्हें 1950 में बनी फिल्म प्यार में गाने का मौका दिया था। एस. डी. बर्मन ने उन्हें फिर बहार फिल्म में एक गाना गाने का मौका दिया और यह गाना बहुत हिट हुआ।

शुरू में किशोर कुमार को एस. डी. बर्मन और अन्य संगीतकारों ने अधिक गंभीरता से नहीं लिया और उनसे हल्के स्तर के गीत गवाएं लेकिन किशोर कुमार ने 1957 में बनी फिल्म फंटूस में दुखी मन मेरे गीत अपनी ऐसी धाक जमाई कि जाने माने संगीतकारों को किशोर कुमार की प्रतिभा का लोहा एक दिन मानने को मजबूर होना पड़ा। इसके बाद एस.डी.बर्मन ने किशोर कुमार को अपने संगीत निर्देशन में कई गीत गाने का मौका दिया। आर. डी. बर्मन के संगीत निर्देशन में किशोर कुमार ने मुनीम जी, टैक्सी ड्राइवर, फंटूश, नौ दो ग्यारह, पेइंग गेस्ट, गाईड, ज्वेल थीफ, प्रेमपुजारी, तेरे मेरे सपने जैसी फिल्मों में अपनी जादुई आवाज से फिल्मी संगीत के दीवानों को अपना दीवाना बना लिया।

किशोर कुमार ने वर्ष 1940 से वर्ष 1980 के बीच के अपने करियर के दौरान करीब 500 से अधिक गाने गाए। हिन्दी के साथ ही किशोर कुमार ने तमिल, मराठी, असमी, गुजराती, कन्नड़, भोजपुरी, मलयालम और उड़िया फिल्मों के लिए भी गीत गाए। किशोर कुमार को उनकी गायकी के लिए आठ फिल्मफेयर पुरस्कार मिले। पहला फिल्मफेयर पुरस्कार 1969 में अराधना फिल्म के गीत रूप तेरा मस्ताना प्यार मेरा दीवाना के लिए दिया गया था। किशोर कुमार की विशेषता यह थी कि उन्होंने देव आनंद से लेकर राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन के लिए अपनी आवाज दी और इन सभी अभिनेताओं पर उनकी आवाज ऐसी रची बसी मानो किशोर कुमार खुद उनके अंदर मौजूद हों। 1975 में आपातकाल के दौरान दिल्ली में एक सांस्कृतिक आयोजन में उन्हें गाने का न्यौता मिला। किशोर कुमार ने पारिश्रमिक मांगा तो आकाशवाणी और दूरदर्शन पर उनके गायन को प्रतिबंधित कर दिया गया। आपातकाल हटने के बाद5 जनवरी 1977 को उनका पहला गाना बजा दुखी मन मेरे सुन मेरा कहना जहां नहीं चैना वहां नहीं रहना।

किशोर कुमार केवल एक गायक ही नहीं, बल्कि एक उत्कृष्ट अभिनेता, संगीतकार और फिल्म निमार्ता भी थे। उनकी फिल्में जैसे चलती का नाम गाड़ी (1958), पड़ोसन (1968), और हाफ टिकट (1962) में उनके हास्य और अभिनय की प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ। उनकी कॉमिक टाइमिंग और अनोखा अंदाज दर्शकों को खूब हंसाता था।उन्होंने कई फिल्मों में संगीत निर्देशन भी किया, जैसे जमाना (1957) और दूर का राही (1971)। इसके अलावा, उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी के तहत कई फिल्में बनाईं, जो उनकी रचनात्मकता का प्रतीक थीं। किशोर के गाये गाने संगीत प्रेमियों को झूमने के लिए मजबूर कर देते हैं।

किशोर कुमार ने 81 फिल्मों में अभिनय किया और 18 फिल्मों का निर्देशन भी किया। फिल्म पड़ोसन में उन्होंने जिस मस्त मौला आदमी के किरदार को निभाया वही किरदार वे जिंदगी भर अपनी असली जिंदगी में निभाते रहे। किशोर कुमार ने एक गायक के रूप में अपना करियर शुरू किया और जल्द ही भारतीय फिल्म उद्योग में सबसे लोकप्रिय गायकों में एक अलहदा पहचान बनाने में सफल हुए। उनकी मधुर आवाज ने उन्हें घर -घर नई पहचान देने का काम किया। गायन के अलावा किशोर कुमार ने अपनी खुद की कई फिल्मों के लिए संगीत भी तैयार किया।

संपादकीय

नौकरियों पर गिरी गाजः एआई ने भारत के आईटी सेक्टर का बदला चेहरा

देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने करीब 12हजार से ज्यादा नौकरियों को खत्म कर काम-काजी मध्यम वर्ग को सदमें में डाल दिया है। टीसीएस ने मिड और सीनियर मैनेजमेंट स्तर पर इन नौकरियों को खत्म करने का फैसला लिया है। इससे भारत के मध्यम वर्ग को जबरदस्त झटका लगा है। यह कदम न केवल एक कंपनी के आंतरिक पुनर्गठन का संकेत है, बल्कि एआई वाले इस युग में देश की समृद्ध होती मध्यम वर्गीय आकांक्षाओं पर खतरा मंडराने की गंभीर चेतावनी भी है। भारत की आईटी इंडस्ट्री, जो कभी करोड़ों युवाओं के लिए आशा की किरण मानी जाती थी, अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन के दबाव में ढल रही है। जहां पहले सॉफ्टवेयर कंपनियां वैश्विक ग्राहकों को कम लागत पर सेवाएं देकर तेजी से नौकरियां पैदा कर रही थीं, वहीं अब एआई तकनीक के आगमन ने अनेक प्रक्रियाओं को स्वचालित बना दिया है। परिणामस्वरूप, उन नौकरियों की आवश्यकता घटती जा रही है जो परंपरागत व्हाइट कॉलर वर्ग का आधार रही हैं। टीसीएस के इस फैसले से कंपनी के कुल वर्कफोर्स का दो प्रतिशत प्रभावित होगा, और यह केवल शुरूआत हो सकती है। स्टाफिंग फर्म ह्यटीमलीज डिजिटलह्व की सीईओ नीति शर्मा ने कहा है कि मैनेजर स्तर के कर्मचारियों को हटाया जा रहा है और सीधे काम करने वाले कर्मचारियों को बनाए रखा जा रहा है। वहीं नई तकनीकों जैसे एआई, क्लाउड, और डेटा सिक्योरिटी में भर्तियां बढ़ी हैं, लेकिन जिस अनुपात में पुराने कर्मचारी हटाए जा रहे हैं, उस अनुपात में नई नौकरियां नहीं आ रहीं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह ट्रेंड देश के स्किल गैप की ओर इशारा करता है। नैसकॉम के मुताबिक, 2026 तक भारत को 10 लाख एआई पेशेवरों की जरूरत होगी, लेकिन वर्तमान में केवल 20प्रतिशत आईटी कर्मियों के पास ही आवश्यक एआई स्किल मौजूद हैं। कंपनियां बड़े पैमाने पर ट्रेनिंग और री-स्किलिंग में निवेश कर रही हैं, परंतु जिन कर्मचारियों की भूमिका पुनर्परिभाषित नहीं हो पा रही, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। इस ट्रेंड का असर न केवल कंपनियों तक सीमित रहेगा, बल्कि इसका सीधा प्रभाव भारत की उपभोक्ता अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है। बीते वर्षों में आईटी सेक्टर ने एक नया मध्यम वर्ग खड़ा किया, जिसने शहरों में रियल एस्टेट, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग और एफएमसीजी जैसे क्षेत्रों को गति दी। परंतु जब स्थायी और आकर्षक नौकरियां ही सिकुड़ने लगेंगी, तब इस वर्ग की उपभोग शक्ति भी प्रभावित होगी, जिसका सीधा असर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। 2023-24 में ही भारत की छह प्रमुख आईटी कंपनियों में नई नियुक्तियों में 72% की गिरावट दर्ज की गई। बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे जैसे आईटी हब में हजारों की संख्या में नौकरियां जा चुकी हैं। एक अनुमान के अनुसार, पिछले साल करीब 50,000 आईटी कर्मचारी अपनी नौकरियां गंवा चुके हैं। वहीं, अमेरिका में आईटी सेवाओं की मांग में गिरावट और वहां की संरक्षणवादी नीतियों ने भारतीय आईटी कंपनियों के राजस्व पर असर डाला है।

(आस्था)

30 अगस्त से पलट सकती है इन राशियों की किस्मत, 12 महीने बाद बुध करेंगे सूर्य के घर में प्रवेश,

वैदिक पंचांग के मुताबिक बुध ग्रह सिंह राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं। जिससे 3 राशि के जातकों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। वैदिक ज्योतिष अनुसार नवग्रह में कुछ ग्रहों की आपस में शत्रुता और मित्रता का भाव है। इसलिए जब भी गोचर में मित्र ग्रहों का संयोग बनता है तो उसका विशेष प्रभाव मानव जीवन और देश-दुनिया पर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि 30 अगस्त को ग्रहों के राजकुमार बुध अपने मित्र सूर्य की राशि में गोचर करने जा रहे हैं, जिससे 3 राशि के जातकों को धनलाभ और व्यापार-करियर में उन्नति के योग बन रहे हैं। साथ ही इन लोगों पर बुध ग्रह की विशेष कृपा रहने वाली है। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं 18 साल बाद सूर्य और मंगल बनाएंगे दुर्लभ संयोग, इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम, करियर और कारोबार में तरक्की के योग बुध ग्रह का राशि परिवर्तन आपको लाभप्रद साबित हो सकता है। क्योंकि यह गोचर आपकी राशि से से नौकरी और व्यापार के स्थान पर होने जा रहा है। इसलिए इस अवधि में आपको काम- कारोबार में अच्छी सक्सेस मिल सकती है। साथ ही जो लोग नौकरी की तलाश में है, उनको नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। वहीं इस समय आपको हर क्षेत्र में सहयोग मिलेगा, नौकरी और व्यवसाय में उन्नति होगी और लंबी दूरी की यात्राएं फायदेमंद रहेंगी। पिता या गुरु से सहायता मिल सकती है। साथ ही इस समय आपको पैतृक संपत्ति का लाभ मिल सकता है। 18 अगस्त से इन राशियों की चमक सकती है किस्मत, 50 साल बाद बनेगा पावरफुल त्रिग्रही योग, आकस्मिक धनलाभ के योग बुध ग्रह का गोचर कर्क राशि के जातकों को अनुकूल सिद्ध हो सकता है। क्योंकि यह गोचर आपकी राशि से धन भाव पर बनने जा रहा है। इसलिए इस समय आपको आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। साथ ही इस समय आपके व्यक्तित्व में निखार होगा। वहीं व्यवसाय में नए पार्टनर्स के साथ काम करने के मौके मिलेंगे और पुराने निवेशों से अच्छा रिटर्न मिल सकता है। वहीं आपके कम्युनिकेशन में सुधार आएगा। जिससे लोग इंप्रेस होंगे। वहीं अविवाहित जातकों के लिए रिश्ता आने का योग है। व्यापारियों को बड़े निवेश से लाभ होगा। साथ ही आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। बुध ग्रह का गोचर धनु राशि के लोगों को सकारात्मक सिद्ध हो सकता है। क्योंकि यह राशि परिवर्तन आपकी गोचर कुंडली से नवम भाव पर होने जा रहा है। इसलिए इस दौरान आपको भाग्य का साथ मिल सकता। साथ ही इस दौरान आपकी बुद्धि और कौशल का स्तर बढ़ेगा और आपको अतिरिक्त धन कमाने का अवसर मिलेगा।

आज का राशिफल

मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

मेषः बच्चे आपके मुताबिक नहीं चलेंगे, जो आपके झुंझलाहट की वजह बन सकता है। आपको खुद पर नियंत्रण रखना चाहिए, क्योंकि नाराजगी सभी के लिए नुकसानदेह है और यह सोचने-समझने की ताकत को खत्म कर देती है। इससे सिर्फ मुश्किल बढ़ती है। पैसे की अहमियत को आप अच्छे से जानते हैं इसलिए आज के दिन आपके द्वारा बचाया गया धन आपके बहुत काम आ सकता है और आप किसी बड़ी मुश्किल से निकल सकते हैं। अगर आप सामूहिक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे, तो आप नए दोस्त बना सकते हैं। रोमांटिक मुलाकात आपकी खुशी में तड़के का काम करेगी।

वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

वृषभः असहजता आपकी मानसिक शांति में बाधा पैदा कर सकती है, लेकिन कोई दोस्त आपकी परेशानियों के समाधान में काफी मददगार साबित होगा। तनाव से बचने के लिए मधुर संगीत का सहारा लें। लम्बे अरसे को मद्देनजर रखते हुए निवेश करें। अपना क ीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें। यह सबसे बेहतर मरहम है। वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे। आज हो सकता है कि पहली नजर में ही आपको कोई पसंद कर ले। कार्यक्षेत्र में हालात आपके पक्ष में रुख करते मालूम होंगे। इस राशि के लोग बड़े ही दिलचस्प होते हैं।

मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

मिथुनः तनाव को नजरअंदाज न करें। यह तम्बाकू और शराब की ही तरह खतरनाक महामारी है, जो तेजी से पाँव पसार रही है। आर्थिक तौर पर सिर्फ और सिर्फ एक स्रोत से ही लाभ मिलेगा। घर पर आपके बच्चे आपके सामने किसी समस्या को तिल का ताड़ बनाकर पेश करेंगे- कोई भी कदम उठाने से पहले तथ्यों की भली-भांति पड़ताल कर लें। आज किसी ऐसे इंसान से मिलने की संभावना है जो आपके दिल को गहराई से छूएगा। नए ग्राहकों से बात करने के लिए बेहतरीन दिन है। आज के दिन यात्रा, मनोरंजन और लोगों से मिलना-जुलना होगा।

कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

कर्कः आप मानसिक और शारीरिक तौर पर थकान महसूस कर सकते हैं, थोड़ा-सा आराम और पौष्टिक आहार आपके ऊर्जा-स्तर को उठाए रखने में अहम साबित होगा। जिन लोगों की अब तक तनख्वाह नहीं आयी है आज वो पैसों के लिए बहुत परेशान रह सकते हैं और अपने किसी दोस्त से उधार मांग सकते हैं। पारिवारिक उत्तरदायित्व में वृद्धि होगी, जो आपको मानसिक तनाव दे सकती है। आपको अपने प्रिय के साथ समय बिताने की जरूरत है, ताकि आप दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह से जान व समझ सकें।

सिहंः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

सिंहः घरेलू परेशानियाँ आपको तनाव दे सकती हैं। इस राशि के कुछ लोगों को आज संतान पक्ष से आर्थिक लाभ होने की उम्मीद है। आज आपको अपनी संतान पर गर्व महसूस होगा। शाम का ज्यादातर समय मेहमानों के साथ गुजरेगा। अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है। आप दफ़्तर में माहौल में बेहतरी और कामकाज के स्तर में सुधार को महसूस कर सकते हैं। अपने काम से आराम लेकर आज आप कुछ समय अपने जीवनसाथी के साथ बिता सकते हैं। यह दिन आपके जीवनसाथी के रूमानी पहलू को भरपूर तरीके से दिखाएगा।

कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

कन्याः अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है। मस्तिष्क जीवन का द्वार है, क्योंकि अच्छा-बुरा सब-कुछ इसी के माध्यम से आता है। यही जिंदगी की समस्याएँ दूर करने में सहायक सिद्ध होता है और सही सोच से इंसान को आलोकित करता है। आपके पास आज पैसा भी पर्याप्त मात्रा में होगा और इसके साथ ही मन में शांति भी होगी। बढ़िया दिन है जब आप सबके ध्यान को अपनी तरफ खींचेंगे- आपके सामने चुनने के लिए कई चीजें होंगी और आपके सामने समस्या यह होगी कि किसे पहले चुना जाए।

तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

तुलाः आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं। आप जीवन में पैसे की अहमियत को नहीं समझते लेकिन आज आपको पैसे की अहमियत समझ में आ सकती है क्योंकि आज आपको पैसे की बहुत आवश्यकता होगी लेकिन आपके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। पारिवारिक मोर्चे पर समस्याएँ मुँह बाए खड़ी हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों की अनदेखी आपको सबकी नाराजगी की केंद्र बना सकती है। आज के दिन अपने प्रिय की भावनाओं को समझें। आज आप दूसरे दिनों की तुलना में अपने लक्ष्यों को कुछ ज्यादा ही ऊँचा तय कर सकते हैं।

वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

वृश्चिकः सेहत से जुड़ी परेशानियाँ असहजता का कारण बन सकती हैं। आज के दिन निवेश करने से बचना चाहिए। आपकी ज्ञान की प्यास आपको नए दोस्त बनाने में मददगार साबित होगी। अपने रोमांटिक खयालों को हर किसी को बताने से बचें। काम में आपकी दक्षता की आज परीक्षा होगी। इच्छित परिणाम देने के लिए आपको अपनी कोशिशों पर एकाग्रता बनाए रखने की जरूरत है। वक्त की नाजाकत को समझते हुए आज आप सब लोगों से दूरी बनाकर एकांत में वक्त बिताना पसंद करेंगे। ऐसा करना आपके लिए हितकर भी होगा। अपने जीवनसाथी को सरप्राइज देते रहें,

धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

धनुः दोस्त आपका परिचय किसी खास इंसान से कराएंगे, जो आपकी सोच पर गहरा प्रभाव डालेगा। जो लोग काफी वक्त से आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे उन्हें आज कहीं से धन प्राप्त हो सकता है जिससे जीवन की कई परेशानियां दूर हो जाएंगी। आपका आकर्षक स्वभाव और खुशमिजाज व्यक्तित्व नए दोस्त बनाने में आपकी मदद करेगा और आपके सम्पर्क में इजाफा करेगा। आज के दिन आप किसी कुदरती खूबसूरती से खुद को सराबोर महसूस करेंगे। व्यवसायियों के लिए अच्छा दिन है, क्योंकि उन्हें अचानक बड़ा फायदा हो सकता है।

मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

मकरः अच्छी चीजों को ग्रहण करने के लिए आपका दिमाग खुला रहेगा। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। मनोरंजन से जुड़ी गतिविधियाँ मजेदार रहेंगी, अगर पूरे परिवार की उसमें सहभागिता हो। प्यार-मोहब्बत की नजरिए से बेहतरीन दिन है। प्यार का मजा चखते रहें। अपनी पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाकर आप करिअर में नए दरवाजे खोल सकते हैं। अपने क्षेत्र में आपको अपार सफलता मिलने की संभावना भी है। अपनी सभी क्षमताओं को निखारकर औरों से बेहतर बनने की कोशिश करें। आपका व्यक्तित्व ऐसा है

कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

कुंभः नफरत को दूर करने के लिए संवेदना का स्वभाव अपनाएँ, क्योंकि नफरत की आग बहुत ज्यादा ताकतवर है और मन के साथ शरीर पर भी बुरा असर डालती है। याद रखें कि बुराई अच्छाई से ज्यादा आकर्षक जरूर दिखाई देती है, लेकिन उसका असर खराब ही होता है। जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है। अपने स्वभाव को अस्थिर न होने दें- खासतौर पर अपनी पत्नी/पति के साथ- नहीं तो यह घर की शांति पर असर डाल सकता है। प्रेम-जीवन में आशा की नयी किरण आयेगी।

मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

मीनः घर पर काम करते समय खास सावधानी बरतें। घरेलू चीजों को लापरवाही से इस्तेमाल करना आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। अगर आप यात्रा पर जाने वाले हैं तो अपने कीमती सामान का ध्यान रखें उसके चोरी होने की संभावना है। खासकर अपने पर्स को आज बहुत संभालकर रखें। ऐसा लगता है कि पारिवारिक-मोर्चे पर आप ज्यादा खुश नहीं हैं और कुछ अड़चनों का सामना कर रहे हैं। आपका संगी आपका भला सोचता है इसलिए कई बार आप पर गुस्सा भी कर बैठता है, उनके गुस्से पर नाराज होने से बेहतर यह होगा।

धड़क 2 को पहले दिन नहीं मिला दर्शकों से खास रिस्पॉन्स

शाज़िया इक़बाल की सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी स्टारर मच अवेटेड फिल्म 'धड़क 2' इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो गई. तमिल फिल्म परियेरुम पेरुमल की रीमेक इस फिल्म को रिलीज के पहले दिन यहां अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 से क्लैश करना पड़ा तो वहीं इसे ब्लॉकबस्टर सैयारा से भी टक्कर मिली. ऐसे में जानते हैं 'धड़क 2' का ओपनिंग डे कलेक्शन कितना रहा है?' धड़क 2' साल 2018 में आई ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर स्टारर 'धड़क' की स्प्रिचुअल सीक्वल है. इस मूवी का रिलीज से पहले खास बज नहीं देखा गया. वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद इसे कई फिल्मों से मुकाबला करना पड़ा है जिसके चलते ये रिलीज के पहले दिन शानदार कमाई करने से चूक गई है. हालांकि फिल्म की कहानी और तृप्ति डिमरी के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी की एक्टिंग की काफी तारीफ हो रही है. वहीं फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो' धड़क 2' उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई है. फिल्म की पहले दिन कमाई निराशाजनक है. बता दें कि इससे पहले रिलीज हुई अहान पांडे और अनीत पड्डा की रोमांटिक ड्रामा फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार 22 करोडॉ के कलेक्शन के साथ ओपनिंग की थी और एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया था. धड़क 2 इस आंकड़े का आधा तो दूर 5 करोड़ भी नहीं कमा पाई है. यहां तक कि धड़क 2 अपनी प्रीक्वल जाह्नवी कपूर और ईशान खट्टर स्टारर 'धड़क' जैसी धूम भी नहीं मचा पाई है. 2018 में रिलीज़ हुई धड़क ने अपने पहले दिन लगभग 8 करोड़ रुपये कमाए थे. अब देखने वाली बात होगी कि 'धड़क 2' वीकेंड पर कैसा परफॉर्म कर पाती है.' धड़क 2' एक नीची जाति के लॉ स्टूडेंट नीलेश (सिद्धांत चतुर्वेदी) की कहानी है जो उच्ची जाति की अपनी क्लासमेट विधि (तृप्ति डिमरी) के प्यार में पड़ जाता है. दोनों के प्यार में जातिगत भेदभाव और सामाजिक बंधन खूब अड़चने पैदा करते हैं. फिल्म के सेंसेटिव सब्जेक्ट को लेकर सिद्धांत ने पीटीआई को बताया, यह एक बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है... इसका बहुत सारा क्रेडिट हमारी निर्देशक को जाता है, जो पहले दिन से ही इस बात को लेकर पूरी तरह श्योर थीं कि वह क्या चाहती हैं और कहानी कैसे कहना चाहती हैं, किरदार कैसे होने चाहिए. वह किसी भी चीज़ को ज़्यादा ड्रामैटिक या सिंपल नहीं बनाना चाहती थीं।

नो-मेकअप लुक में भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा का तस्वीरें हुई वायरल

भोजपुरी फिल्मों में मोनालिसा ने ज्यादातर आइटम सॉन्ग किए हैं लेकिन, फिल्मों में भी उन्होंने कम काम नहीं किया. मोनालिसा ने भोजपुरी के अलावा हिंदी और साउथ भाषाओं की फिल्मों में भी काम किया है. मोनालिसा अपने काम में हमेशा बिजी रहती हैं लेकिन फैंस के लिए वो इंस्टाग्राम पर भी अपडेट्स देती रहती हैं. हाल ही में मोनालिसा ने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वो काम करती नजर आ रही हैं लेकिन पोस्ट शेयर करना भी वो नहीं भूलीं.मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर 8 तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वो बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. मोनालिसा ने इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है जिसके कैप्शन में कुछ हार्ट इमोजी लगाए हैं.इस पोस्ट के कमेंट बॉक्स में फैंस भी हार्ट इमोजी भेजकर बता रहे हैं कि उन्हें मोनालिसा की ये तस्वीरें कितनी पसंद आ रही हैं. मोनालिसा के वो फैन जो उनके हर पोस्ट पर कमेंट करते हैं इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं.इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि मोनालिसा नो-मेकअप लुक में हैं और किसी ऑफिस में बैठी हैं. कभी वो किसी से बात करती नजर आ रहीं तो कभी अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं.मोनालिसा ने हाल ही में अपने पति विक्रांत सिंह राजपूत का 39वां बर्थडे मनाया है. मोनालिसा एक खास जगह पर उनका बर्थडे सेलिब्रेट करने पहुंची और कई रोमांटिक तस्वीरें भी शेयर की थीं.42 साल की मोनालिसा अपने पति विक्रांत के साथ एक हैप्पी मैरिड लाइफ जी रही हैं. विक्रांत एक भोजपुरी एक्टर हैं जिनके साथ मोनालिसा ने 2017 में शादी की थी और तब से वो दोनो साथ हैं।

"शाहरुख खान ने इसमें डबल रोल निभाते हुए, एक सैनिक और एक बदला लेने वाले पिता के किरदार में शानदार अभिनय कियाद्य नयनतारा, विजय सेतुपति, और दीपिका पादुकोण जैसे सितारों ने फिल्म को और भी आकर्षक बनायाद्य निर्देशक एटली की यह बॉलीवुड डेब्यू फिल्म सामाजिक मुद्दों जैसे भ्रष्टाचार और अन्याय पर करारा प्रहार करती है. फिल्म के दमदार डायलॉग, शानदार एक्शन सीक्वेंस, और अरिजीत सिंह के गाने इसकी जान हैंद्य जवान ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े और शाहरुख खान की वापसी को ऐतिहासिक बनाया. यह वाकई एक मास एंटरटेनर है!"

71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

शाहरुख खान और रानी मुखर्जी ने रचा इतिहास

71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा हो चुकी है, और इस बार कई बड़े नामों ने इतिहास रच दिया है। बॉलीवुड के 'बादशाह' शाहष्ठ ख खान ने अपने करियर में पहली बार बेस्ट एक्टर का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। वहीं, '12वीं फेल' में अपने दमदार प्रदर्शन के लिए विक्रांत मैसी को भी विशेष सम्मान से नवाजा गया है। बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड रानी मुखर्जी के नाम रहा, जबकि 'कटहल' को बेस्ट हिंदी फिल्म चुना गया है।

विक्रांत मैसी बेस्ट एक्टर

शाहरुख खान: पहली बार बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड

इस साल के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सबसे बड़ा सरप्राइज और खुशी का मौका शाहरुख खान के फैंस के लिए आया। अपने दशकों लंबे करियर में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाले शाहरुख खान ने पहली बार बेस्ट एक्टर का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। यह उनके शानदार अभिनय और सिनेमा में उनके योगदान का एक बड़ा प्रमाण है।

जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार

यह बताते हुए खुशी हो रही है कि शाहरुख खान को उनकी फिल्म जवान (2023) में उनके शानदार अभिनय के लिए 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (लीड रोल) का पुरस्कार मिला है! यह फिल्म एक एक्शन-पैक्ड थ्रिलर है जिसने दर्शकों को खूब रोमांचित किया।

सामाजिक मुद्दों पर करारा प्रहार इसे खास बनाता है

शाहरुख खान ने इसमें डबल रोल निभाते हुए, एक सैनिक और एक बदला लेने वाले पिता के किरदार में शानदार अभिनय कियाद्य नयनतारा, विजय सेतुपति, और दीपिका पादुकोण जैसे सितारों ने फिल्म को और भी आकर्षक बनायाद्य निर्देशक एटली की यह बॉलीवुड डेब्यू फिल्म सामाजिक मुद्दों जैसे भ्रष्टाचार और अन्याय पर करारा प्रहार करती है. फिल्म के दमदार डायलॉग, शानदार एक्शन सीक्वेंस, और अरिजीत सिंह के गाने इसकी जान हैंद्य जवान ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े और शाहरुख खान की वापसी को ऐतिहासिक बनाया. यह वाकई एक मास एंटरटेनर है!

रानी मुखर्जी: 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस

रानी मुखर्जी ने फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' में एक मां के हृदय विदारक संघर्ष को जिस जीवंतता और मार्मिकता से पर्दे पर उतारा था, उसे राष्ट्रीय पुरस्कार जूरी ने भी सराहा है। उन्हें इस फिल्म में अपने असाधारण प्रदर्शन के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है। यह रानी के शानदार अभिनय करियर में एक और मील का पत्थर है।

'कटहल'- बेस्ट हिंदी फिल्म का अवॉर्ड

सान्या मल्होत्रा अभिनीत 'कटहल' को बेस्ट हिंदी फिल्म चुना गया है। यह फिल्म सामाजिक व्यंग्य और हल्की-फुल्की कॉमेडी के साथ एक महत्वपूर्ण संदेश देती है। इस पुरस्कार से फिल्म की अनूठी कहानी और प्रदर्शन को पहचान मिली है।



रॉकी और रानी की प्रेम कहानी बेस्ट पॉपुलर फिल्म प्रोवाइडिंग व्होलसम एंटरटेनमेंट

करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म जो संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करती है का पुरस्कार मिला है. रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अभिनीत इस फिल्म ने अपनी शानदार कोरियोग्राफी (वैभवी मर्चेंट को 'ढिंढोरा बाजे रे' गाने के लिए सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी का पुरस्कार मिला) और मनोरंजक कहानी से दर्शकों का दिल जीताद्य करण जौहर ने भी इस जीत पर अपनी खुशी

विक्रांत मैसी: '12वीं फेल' के लिए सम्मान

विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित '12वीं फेल' में अपने दमदार और यथार्थवादी अभिनय के लिए विक्रांत मैसी को भी राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनकी एक्टिंग ने मनोज कुमार शर्मा के संघर्षपूर्ण सफर को बेहद प्रेरणादायक बना दिया था। भले ही उन्हें बेस्ट एक्टर न मिला हो, लेकिन यह सम्मान उनकी प्रतिभा और फिल्म की सफलता का प्रमाण है।

सैम बहादुर

सैम बहादुर को दो पुरस्कार मिले हैं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ मेकअप और बेस्ट कॉस्ट्यूम डिज़ाइन शामिल है. फिल्म की निर्देशक मेघना गुलजार ने पुरस्कार मिलने पर खुशी जाहिर की हैद्य इसे राष्ट्रीय और सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ फिल्म के रूप में भी सम्मानित किया गया हैद्य ये 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2023 के प्रमुख विजेता और हाइलाइट्स हैं. इन पुरस्कारों ने भारतीय सिनेमा की विविधता और उत्कृष्टता को एक बार फिर प्रदर्शित किया हैद्य

एनिमल'- तकनीकी श्रेणियों में पहचान

रणबीर कपूर अभिनीत 'एनिमल' को कई तकनीकी श्रेणियों में पहचान मिली है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन (बैकग्राउंड स्कोर ङ्क हर्षवर्धन रामेश्वर) और सर्वश्रेष्ठ साउंड डिज़ाइन (सचिन सुधाकरन, हरिहरन) शामिल हैंद्य साथ ही इसके री-रिकॉर्डिंग मिक्सर एमआर राजकृष्णन को स्पेशल मेंशन भी मिला हैद्य

द केरल स्टोरी': निर्देशन और सिनेमैटोग्राफी में विजेता

विवादों में घिरी रहने के बावजूद, सुदीप्तो सेन को 'द केरल स्टोरी' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और प्रसंतनु मोहपात्रा को सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी का पुरस्कार मिला हैद्य

सहायक अभिनेत्री: जानकी बोडीवाला को गुजराती फिल्म 'वश' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार मिला, जो बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बना रही हैं.

पार्श्व गायक: 'जवान' के गाने 'चलिया' के लिए शिल्पा राव को सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का पुरस्कार मिला है.

ये पुरस्कार बॉलीवुड की विविधता, अभिनय की गहराई और तकनीकी उत्कृष्टता को दर्शाते हैं, जो भारतीय सिनेमा में इसके महत्वपूर्ण स्थान को मजबूत करते हैं। ये 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2023 के प्रमुख विजेता और हाइलाइट्स हैं।

सोनाली बेंद्रे ने बताई सफल शादी की राज

एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे इन दिनों पति-पत्नी और पंगा को लेकर सुर्खियों में हैं. उन्होंने बताया कि शादी को कामयाब बनाने के लिए पति-पत्नी दोनों को रोजाना अपने रिश्ते पर ध्यान देना चाहिए. इसे कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि रिश्ता तभी मजबूत रहता है जब दोनों मिलकर इसको सहेजते हैं.

एक इंटरव्यू में सोनाली से पूछा गया, वो आज के यंग कपल्स को क्या सलाह देना चाहेंगी? सोनाली ने कहा, आज के यंग कपल्स को सलाह देना मुश्किल है, क्योंकि वे मानते हैं कि उन्हें सब कुछ पहले से पता है. उनके पास इंटरनेट है. गूगल और चैटजीपीटी जैसे टूल्स हैं, जो हर सवाल का जवाब फौरन दे देते हैं. इसलिए, वे किसी की भी सलाह को गंभीरता से नहीं लेते, और उन्हें सलाह देने की कोशिश करने वाले अक्सर नाकाम हो जाते हैं.सोनाली बेंद्रे ने अच्छी शादी का राज बताते हुए कहा, मेरे हिसाब से शादी ऐसी चीज है, जिसमें रोज थोड़ी-थोड़ी मेहनत करनी पड़ती है. इसे कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए. दोनों पति-पत्नी को मिलकर इस रिश्ते पर काम करना होता है और साथ ही एक-दूसरे का सम्मान करना बहुत जरूरी है. बेंद्रे ने बताया कि शादी एक ऐसा रिश्ता है जो बराबरी और आपसी साझेदारी पर टिकता है.उन्होंने कहा, जरूरी नहीं कि हर काम में हम एक जैसे हों, लेकिन हमारी खूबियां एक-दूसरे की खामियों को पूरा करें. अब मुझे कुछ चीजें अच्छे से आती हैं, और कुछ मेरे पति को, तो हम अपनी जिम्मेदारियां उसी हिसाब से बांटते हैं. शादी का मतलब है एक-दूसरे का साथ. वक्त के साथ समझ आता है कि कभी-कभी आप ज्यादा समझौता करते हैं, और कभी आपका पार्टनर करता है.एक्ट्रेस ने आगे कहा, जिंदगी में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं. बराबरी का मतलब हर छोटे काम में बराबरी नहीं बल्कि लंबे सफर में एक-दूसरे की इज्जत और परवाह सबसे जरूरी है. यानि शादी में हर चीज बराबर नहीं होती, लेकिन प्यार, सम्मान और सहयोग सबसे अहम होते हैं. सोनाली बेंद्रे मानती हैं कि इंटरनेट अपने साथ दुनिया और रिश्तों में बहुत बड़ा बदलाव लाया है.उन्होंने कहा, अब बहुत तेजी से बदलाव हो रहा है. पहले एक जेनरेशन बदलने में 20-25 साल लगते थे, लेकिन अब ऐसा लगता है कि हर 3 साल में चीजें बदल जाती हैं. सब कुछ एकदम उल्टा हो गया है. इंटरनेट ने लोगों के जीने और जुड़ने के तरीके ही बदल दिए हैं.बता दें, एक्ट्रेस कलर्स टीवी के नए शो पति, पत्नी और पंगा में नजर आएंगी. इस शो में सोनाली के साथ कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी भी को-होस्ट के रूप में होंगे।

संक्षिप्त समाचार

तेलंगाना में 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत 7000 से ज्यादा बच्चों को मुक्त कराया गया

हैदराबाद, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्रालय की राष्ट्रव्यापी पहल 'ऑपरेशन मुस्कान'-11 के तहत जुलाई महीने में तेलंगाना में 7,678 बच्चों को मुक्त कराया गया, जिनमें 6,000 से ज्यादा बच्चों से बालश्रम कराया जा रहा था। कुल 28 संभागीय टीमों को व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, निर्माण स्थलों, यातायात जंक्शनों, बस और रेलवे स्टेशनों तथा बच्चों के शोषण के संदिग्ध अन्य स्थानों का निरीक्षण करने के लिए तैनात किया गया था। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ) चारु सिन्हा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि राज्य में रेलवे और बस स्टेशनों, धार्मिक स्थलों, ईंट भट्ठों, मैकेनिक की दुकानों, निर्माण स्थलों, चाय की दुकानों समेत कई स्थानों की पहचान की गई और 12 राज्यों के कुल 7,678 बच्चों (7149 लड़के और 529 लड़कियां) को बचाया गया, जिनमें नेपाल के चार बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि इस अभियान में 1,713 प्राथमिकी दर्ज की गईं और 1,718 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 6,593 बच्चों को उनके परिवारों से मिलाया गया जबकि 1,049 बच्चों को आश्रय गृहों में भेजा गया। बचाए गए बच्चों में 1,173 लड़के और 74 लड़कियाँ थीं। बचाए गए बच्चों में से 673 तेलंगाना के मूल निवासी हैं, जबकि 560 अन्य राज्यों के हैं। गौरतलब है कि 14 बच्चे नेपाल के पाए गए, जो इस मुद्दे की सीमा पार प्रकृति को दर्शाता है। इस अभियान के तहत, पुलिस ने अवैध बाल श्रम में लिप्त नियोक्ताओं के खिलाफ 55 प्राथमिकी दर्ज कीं। इसके अलावा, 939 मामले दर्ज किए गए और उल्लंघनकर्ताओं पर 47,75,921 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

पंजाब के अबोहर में मारे गए व्यापारी के परिवार से मिले मुख्यमंत्री मान, केजरीवाल

नईदिल्ली, एजेंसी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को व्यवसायी संजय वर्मा के परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। वर्मा की सात जुलाई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि उन्होंने संजय के भाई जगत से उनके आवास पर मुलाकात की और कहा कि यह परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है, साथ ही यह समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण क्षति है, जिसने एक प्रतिबद्ध और उद्यमी व्यक्ति को खो दिया है। 'न्यू वेयर वेल जेंट्स टेलर' शोरूम के सह-मालिक संजय की यहां भगत सिंह चौक के निकट तीन हमलावरों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। अगले दिन, व्यवसायी की हत्या में कथित रूप से शामिल दो हमलावरों को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मार गिराया गया। बयान में कहा गया कि मान और केजरीवाल ने कहा कि वर्मा परिवार ने कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता के माध्यम से अपने लिए एक अलग स्थान बनाया है, जिससे अबोहर शहर को पहचान मिली है। उन्होंने परिवार को आश्वासन दिया कि पंजाब सरकार दुख और संकट की इस घड़ी में उनके साथ मजबूती से खड़ी है। मान और केजरीवाल ने जघन्य अपराधों के प्रति राज्य सरकार की बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति दोहराई और कहा कि ऐसे क्रूर अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों के लिए कठोर सजा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि पंजाब पुलिस पहले ही हत्या में शामिल दो अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर कर चुकी है। बयान में कहा गया है कि मान ने वर्मा परिवार को आश्वासन दिया कि मामले में न्याय होगा और एक भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

गोरखपुर में हाफ एनकाउंटर: चेन और मोबाइल लूटने वाले 2 बदमाशों को लगी गोली, गिरफ्तार

गोरखपुर , एजेंसी। यूपी पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार ऐक्शन मोड में है। इसी क्रम में शुक्रवार देर रात गोरखपुर में पुलिस की अपराधियों से मुठभेड़ हो गई। यह मुठभेड़ गीडा क्षेत्र में हुई। गीडा के जैतपुर देईपार मार्ग पर शुक्रवार रात पुलिस और अपाची सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान बदमाशों के पैर में गोली लगने के बाद पुलिस ने दोनों दबोच लिया। घायल बदमाशों का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बदमाशों के पास लूट की आपाची बाइक, दो तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोप है कि गुरुवार रात यही बदमाश गीडा क्षेत्र में ढाबा चलाने वाली एक महिला से सोने की चेन और मोबाइल लूट कर फरार हो गए थे। गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर जीरो प्वॉइंट के पास देवरिया जिले के निवासी अशोक तिवारी गीडा ढाबा चलाते थे। कुछ वर्ष पहले अशोक का निधन होने पर परिवार का पालन पोषण करने के लिए मृतक अशोक की पत्नी सुमित्रा तिवारी खुद ढाबा का कारोबार करने लगीं। गुरुवार की देर रात पीड़िता सुमित्रा ढाबा पर मौजूद थीं, तभी सफेद रंग की बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे। उन्होंने एक बोतल पानी मांगा। महिला ने पानी दिया। इसी दौरान बदमाशों ने सुमित्रा को देखते ही असलहा निकाल कर तान दिया। उन्होंने धमकाकर महिला के गले में पहनी सोने की चेन और पास में रखा मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए। शुक्रवार की सुबह, पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया गया। पुलिस तभी से बदमाशों की तलाश में जुटी थी। देर रात पुलिस गश्त पर थी।

उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले भाजपा को बड़ी बढ़त, राज्यसभा में 100 के पार हुई सांसदों की संख्या

नई दिल्ली, एजेंसी। आगामी 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले भाजपा को राज्यसभा में बड़ी राजनीतिक बढ़त मिली है। पहली बार अप्रैल 2022 के बाद भाजपा ने फिर से राज्यसभा में 100 का आंकड़ा पार किया है। हाल ही में नामित किए गए तीन सदस्यों- वरिष्ठ अधिवक्ता उज्ज्वल निकम, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और सामाजिक कार्यकर्ता सी सदानंदन मास्टर ने भाजपा जॉइन कर ली है। इनके शामिल होने के बाद अब पार्टी के पास राज्यसभा में कुल 102 सदस्य हो गए हैं।

राज्यसभा में संख्या संतुलन : वर्तमान में राज्यसभा की कुल सदस्य संख्या 240 है, जिनमें 12 नामित सदस्य भी शामिल हैं और पांच सीटें रिक्त हैं। 31 मार्च 2022 को 13 राज्यसभा सीटों पर हुए चुनावों के बाद भाजपा की संख्या 97 से बढ़कर 101 हो गई थी, जिससे वह कांग्रेस के बाद इतिहास में दूसरी ऐसी पार्टी बनी थी जिसने उच्च सदन में 100 से ज्यादा सांसद बनाए। कांग्रेस को यह उपलब्धि 1988 से 1990 के बीच मिली थी। लेकिन इसके बाद भाजपा की संख्या में धीरे-धीरे गिरावट आई और हाल ही तक यह 99 पर थी। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक,अब नामित सदस्यों के भाजपा में शामिल होने से पार्टी ने दोबारा 100 का आंकड़ा पार कर लिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पास अब राज्यसभा में कुल 134 सांसद हैं, जिनमें 12 में से 5 नामित सदस्य भी शामिल हैं। बहुमत का मौजूदा आंकड़ा 121 है, जिसे एनडीए ने पार कर लिया है।

भाजपा में शामिल हुए तीन नामित सांसद कौन : उज्ज्वल निकमः 26/11 मुंबई आतंकी हमलों में विशेष लोक अभियोजक रहे निकम ने अजमल कसाब जैसे आतंकवादी को अदालत में सजा दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें 2016 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में मुंबई उत्तर मध्य सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़ से हार गए थे। हर्षवर्धन श्रृंगलाः वे 2020 से अप्रैल 2022 तक भारत के विदेश सचिव रहे। इसके बाद वे त20 शिखर सम्मेलन 2023 के मुख्य समन्वयक बने। वे अमेरिका में भारत के राजदूत और बांग्लादेश में उच्चायुक्त के रूप में भी सेवा दे चुके हैं। सी सदानंदन मास्टरः केरल के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षक हैं। 1994 में उनके पैरों को काट दिया गया था, जिसके लिए उन्होंने माकपा कार्यकर्ताओं को दोषी ठहराया था। उनका आरोप था कि भाजपा में शामिल होने के कारण उन पर हमला हुआ। वे 2016 में केरल विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। इन तीनों के साथ-साथ हाल ही में राज्यसभा के लिए नामित हुई राजनीतिक विश्लेषक और इतिहासकार मीना कुमारी जैन भी चर्चा में रहीं। वे भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद की सदस्य रह चुकी हैं और उन्हें 2020 में पद्म श्री सम्मान मिला था। हालांकि, उन्होंने अभी तक किसी राजनीतिक दल की सदस्यता नहीं ली है। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितंबर को होगा, कड़े मुकाबले के आसार उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितंबर को होगा और भाजपा नीत राजग से मुकाबले के लिए कांग्रेस नीत विपक्ष एक साझा उम्मीदवार खड़ा कर सकता है। ऐसे में कड़ा मुकाबला होने के आसार हैं। गत 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ का अचानक इस्तीफा पहली ऐसी घटना है जब किसी उपराष्ट्रपति ने पद पर रहते हुए त्यागपत्र दे दिया और उच्च पद के लिए दावेदारी नहीं की। इस्तीफे के समय धनखड़ का कार्यकाल दो साल से अधिक बचा था। इससे पहले वीवी गिरि और आर वेंकटरमन ने पद पर रहते हुए इस्तीफा दिया था लेकिन दोनों ने क्रमशः 1969 और 1987 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ा था। आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि 17वें उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव नौ सितंबर को होगा। चुनाव के लिए अधिसूचना सात अगस्त को जारी होगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। इसने कहा कि यदि मतदान की जरूरत हुई तो यह नौ सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संसद भवन के प्रथम तल पर स्थित कक्ष संख्या एफ-101, वसुधा में होगा। उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे।

विपक्ष खड़ा कर सकता है साझा उम्मीदवार, उपराष्ट्रपति चुनाव में कड़े मुकाबले के आसार

नईदिल्ली, एजेंसी। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होगा। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए से मुकाबले के लिए विपक्ष साझा उम्मीदवार खड़ा कर सकता है। ऐसे में कड़ा मुकाबला होने के आसार हैं। 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ का अचानक इस्तीफा पहली ऐसी घटना है, जब किसी उपराष्ट्रपति ने पद पर रहते हुए त्यागपत्र दे दिया और उच्च पद के लिए दावेदारी नहीं की। इस्तीफे के समय धनखड़ का कार्यकाल 2 साल से अधिक बचा था। इससे पहले वीवी गिरि और आर वेंकटरमन ने पद पर रहते हुए इस्तीफा दिया था लेकिन दोनों ने क्रमशः 1969 और 1987 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ा था। आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि 17वें उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव 9 सितंबर को होगा। चुनाव के लिए अधिसूचना 7 अगस्त को जारी होगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। इसने कहा कि अगर मतदान की जरूरत हुआ तो यह 9 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संसद भवन के फर्स्ट फ्लोर पर स्थित कक्ष संख्या एफ-101, वसुधा में होगा। उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। विपक्षी दलों के नेताओं ने कहा है कि वे उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए साझा उम्मीदवार उतार सकते हैं। उम्मीद है कि भाजपा इस चुनाव में संगठन और राजनीतिक प्रतिबद्धता को प्राथमिकता देगी। एनडीए किसी प्रयोग पर जोर नहीं देगा, जिसके कारण कई बार उसने अपने संगठन से जड़ों से जुड़े किसी नेता के बजाय किसी अन्य को चुना है, जैसा कि 2022 के चुनाव में धनखड़ के मामले में हुआ था।

महिलाओं के लिए खुशखबरी; 2100 रुपये देने की योजना में रजिस्ट्रेशन जल्दः सीएम सैनी

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर आज बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को 2100 रुपये देने की योजना में रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल जल्द खुलेगा। साल 2024 में हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा के संकल्प पत्र का यह प्रमुख वादा रहा है। आज चंडीगढ़ में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद सीएम सैनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनकी सरकार जल्द ही लाडो लक्ष्मी योजना शुरू करने जा रही है। इसके तहत महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये मिलेंगे। राज्य में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाली महिलाओं के बैंक अकाउंट में यह राशि ट्रांसफर हो जाएगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से इस योजना को लागू करने को लेकर एक ड्राफ्ट मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री के पास भेजा गया था। 9 अगस्त को रक्षाबंधन है। संभावना है कि उससे पहले या उसी दिन मुख्यमंत्री योजना के शुरू करने का ऐलान करेंगे। हालांकि, नौकरी करने वाली और पेंशन लेने वाली महिलाओं को झटका लग सकता है। इस बार बजट में सैनी सरकार ने इस योजना के लिए 5,000 करोड़ रुपये मंजूर किए थे।

राजस्थानः बीजेपी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी को राज्य वित्त आयोग की कमान

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार ने निकाय चुनावों से ठीक पहले एक अहम राजनीतिक नियुक्ति करते हुए बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके साथ रिटायर्ड आईएएस अधिकारी नरेश ठकराल को आयोग का सदस्य बनाया गया है। यह आयोग डेढ़ साल तक कार्य करेगा। सरकार की इस नियुक्ति को आने वाले निकाय और पंचायत चुनावों की तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है। राजनीतिक अनुभव और प्रशासनिक समझ के लिहाज से अरुण चतुर्वेदी को यह जिम्मेदारी देना बीजेपी और सरकार दोनों के लिए एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है। चतुर्वेदी राज्य में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं और संगठनात्मक कार्यों में भी लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं। उन्हें वित्त आयोग जैसे तकनीकी और जिम्मेदारी से भरे पद पर लाना सरकार की मंशा को दर्शाता है कि वह निकायों की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए एक अनुभवी नेतृत्व चाहती है। नियुक्ति के बाद चतुर्वेदी ने कहा कि यह पद न सिर्फ जिम्मेदारीपूर्ण है, बल्कि चुनौतीपूर्ण भी है। उन्होंने कहा कि राज्य वित्त आयोग का काम स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के वित्तीय संसाधनों का मूल्यांकन कर सरकार को सुझाव देना होता है। इसमें कर ढांचे, टोल टैक्स और अन्य

संसाधनों के समुचित वितरण की रिपोर्ट तैयार की जाती है। यह रिपोर्ट राज्य सरकार की वित्तीय नीतियों और बजट योजना में अहम भूमिका निभाती है। अरुण चतुर्वेदी ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता निकायों और पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना होगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में निकायों के पास संसाधनों की कमी एक बड़ी समस्या है। ऐसे में आयोग के माध्यम से सरकार को यथासंभव व्यावहारिक और सटीक सुझाव देने की जिम्मेदारी वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि आयोग के ढांचे को और मजबूत करते हुए शहरी निकायों व पंचायत संस्थाओं की आय बढ़ाने के लिए योजनाएं तैयार की जाएंगी। चुनावों में टिकट नहीं मिलने और इस नियुक्ति को उससे जोड़ने के सवाल पर चतुर्वेदी ने साफ कहा कि भाजपा में इस तरह की परंपरा नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी जिसे उचित समझती है, उसे जिम्मेदारी देती है और कार्यकर्ता का कर्तव्य होता है कि वह हर स्थिति में पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करे। उन्होंने कहा कि पहले भी उन्होंने अपने हर कार्य को निष्ठा से निभाया और अब भी सरकार और संगठन द्वारा दी गई इस नई जिम्मेदारी को पूरे समर्पण के साथ निभाएंगे। चतुर्वेदी ने यह भी कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार लगातार संगठन से तालमेल बनाते हुए प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में और भी नाम सामने आएंगे और यह सिलसिला जारी रहेगा। राज्य वित्त आयोग की भूमिका निकायों और पंचायतों की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने में केंद्रीय होती है। ऐसे में इस आयोग का नेतृत्व अब एक अनुभवी राजनेता के हाथों में है, जो खुद संगठन से निकले हैं।

द केरल स्टोरी को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार तो भड़के सीएम पिनराई, कहा- यह मलयालियों का अपमान है

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में शुक्रवार को 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा की गई। इस समारोह में वर्ष 2023 की फिल्मों को सम्मानित किया गया, जिसमें विवादास्पद फिल्म द केरल स्टोरी ने दो प्रमुख पुरस्कार अपने नाम किए। फिल्म के निर्देशक सुदीप्तो सेन को बेस्ट डायरेक्टर और सिनेमैटोग्राफर प्रशांतनु मोहपात्रा को बेस्ट सिनेमैटोग्राफी का पुरस्कार मिला। हालांकि, इस फैसले ने केरल में राजनीतिक और सामाजिक विवाद को जन्म दे दिया है, खासकर केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इसकी कड़ी आलोचना की है। द केरल स्टोरी का निर्देशन सुदीप्तो सेन ने किया है और यह फिल्म 5 मई 2023 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म केरल की तीन महिलाओं की कहानी पर आधारित है, जिन्हें कथित तौर पर लव जिहाद के जरिए इस्लामिक स्टेट में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया। फिल्म के टीजर में दावा किया गया था कि केरल की 32,000 महिलाएं इस तरह के कथित

धर्मांतरण का शिकार हुईं, जो एक अपुष्ट और अतिशयोक्तिपूर्ण आंकड़ा माना गया। रिलीज के बाद से ही फिल्म पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने और केरल को सांप्रदायिक रंग देने का आरोप लगा। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की और ज़ी5 पर स्ट्रीमिंग के बाद भी चर्चा में रही। हालांकि, इसकी कहानी को लेकर विवाद होता रहा है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने द केरल स्टोरी को राष्ट्रीय पुरस्कार दिए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए कहा, यह फिल्म स्पष्ट रूप से केरल की छवि को धूमिल करने और सांप्रदायिक नफरत के बीज बोने के इरादे से झूठी जानकारी फैलाती है। ऐसी फिल्म को सम्मानित करके राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की जूरी ने संघ परिवारी की विभाजनकारी विचारधारा को वैधता प्रदान की है। केरल हमेशा सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ सद्भाव और प्रतिरोध का प्रतीक रहा है। वह आज इस फैसले से गंभीर रूप से अपमानित हुआ है। यह सिर्फ मलयालियों का नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति का अपमान है जो लोकतंत्र और हमारे संवैधानिक मूल्यों में विश्वास रखता है। विजयन ने आगे कहा कि इस फैसले ने भारतीय सिनेमा की उस महान परंपरा का अपमान किया है, जो धार्मिक भाईचारे और राष्ट्रीय एकता के लिए खड़ी रही है। उन्होंने इसे संघ परिवारी की वैचारिक एजेंडे का हिस्सा करार दिया। । केरल के विपक्षी नेता वी.डी. सतीशन ने भी इस फैसले की निंदा की और आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का उपयोग अपने विभाजनकारी अभियान को बढ़ावा देने के लिए कर रही है।

नितिन गडकरी ने साफ-साफ बोलने की वकालत की, कहा- राजनीति झूठ बोलना या चापलूसी करना नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि राजनीति में झूठ बोलना या फिर चापलूसी करना जरूरी होने जैसी धारणाएं सरासर गलत हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक नेताओं को पूरे विश्वास के साथ सच बोलना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व अजित पवार भी उपस्थित थे। गडकरी ने कहा, यह एक गलत धारणा है कि राजनीति में सिर्फ झूठ बोला जाता है या फिर चापलूसी की जाती है। यहां तक कि शिवसेना के पूर्व प्रमुख दिवंगत बालासाहेब ठाकरे भी अपने भाषणों में सच बोलते थे। वह अपनी बात खुलकर कहते थे। उन्होंने कहा कि हर किसी को सच बोलना सीखना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, अगर कुछ अच्छा है, तो उसे अच्छा कहना चाहिए और अगर कुछ बुरा है, तो उसे बुरा ही कहना चाहिए। फडणवीस कहते हैं कि राजनीति में कभी-कभी स्पष्ट और सच बोलना संभव नहीं होता। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान, एक रैली को संबोधित करते हुए, मैंने कहा था कि मैं किसी को कोई चीज मुफ्त में नहीं दूंगा और वही करूंगा जो मैं करना चाहता हूं। जाति या समुदाय की आड़ में मेरे पास मत

आना। मैंने बस उनसे वोट मांगा और उन्हें आश्वासन दिया कि मैं उनके लिए काम करूंगा।

गडकरी ने कहा कि उन्होंने मतदाताओं से यह भी कहा कि वह सभी के लिए काम करेंगे, चाहे वे उन्हें वोट दें या नहीं। उन्होंने कहा, मेरा अनुभव है कि छोटे लोग भी अच्छी बातों को भांप लेते हैं, इसलिए राजनीतिक नेताओं को सकारात्मक रहना चाहिए तथा हमेशा विश्वास के साथ सच बोलना चाहिए। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने यह भी कहा कि उनके विभाग में धन की कोई कमी नहीं है। गडकरी ने कहा, धन कोई बाधा नहीं है। बाधा केवल यह है कि उसे खर्च नहीं किया जा रहा है। इस देश में धन और तकनीक की कोई कमी नहीं है। बाधा केवल देश के लिए ईमानदारी से काम करने वाले लोगों की कमी है। अगर ये लोग काम करने का फैसला कर लें।

बीजेपी अभी नहीं करेगी नए अध्यक्ष का ऐलान, उपराष्ट्रपति चुनाव बन गया देरी की वजह?

नईदिल्ली, एजेंसी। नए बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव की चर्चा लंबे समय से चल रही है। वहीं पार्टी का संविधान कहता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी हो सकता है जब कम से कम 50 फीसदी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में संगठन के चुनाव पूरे हो जाते हैं। बीच में ही उपराष्ट्रपति रहे जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद पार्टी का पूरा फोकस अब शिफ्ट हो गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो राष्ट्रपति चुनाव के बाद ही अब बीजेपी अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करेगी। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मॉनसून सेशन शुरू होते ही अचानक इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था कि स्वास्थ्य कारणों से वह पदमुक्त होना चाहते हैं। वहीं चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति चुनाव का ऐलान भी कर दिया है। 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होंगे और इसी दिन शाम तक परिणाम भी घोषित कर दिया जाएगा। यह भी तय माना जा रहा है कि विपक्ष इंडिया गठबंधन का कोई साझा उम्मीदवार उतार सकता है।

21 अगस्त नामांकन दाखिल करने का आखिरी तारीख है। ऐसे में विपक्ष और सत्तापक्ष दोनों के पास उम्मीदवार घोषित करने के लिए पर्याप्त समय है। नंबरगेम की बात करें तो लोकसभा और राज्यसभा में कुल 782 सांसद हैं। एनडीए के पास लोकसभा में 293 तो इंडिया गठबंधन के पास 232 सांसद हैं। वहीं

राज्यसभा में एनडीए के पास 133 और इंडिया गठबंधन के पास 107 सांसद हैं। ऐसे में सदन में एनडीए का पलड़ा भारी है।

बीजेपी चीफ के चुनाव में देरी के पीछे कारण : मौजूदा बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद ही खत्म हो रहा था हालांकि उनकी सफलताओं को देखते हुए उनका कार्यकाल बढ़ा दिया गया। अब माना जा रहा है कि बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष के ऐलान के लिए उपराष्ट्रपति चुनाव पूरे होने का इंतजार कर रही है। बिहार चुनाव से पहले बीजेपी को राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान कर देना है। फिलहाल बीजेपी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए फ्लोर मैनेजमेंट में लगी हुई है। इस बार के चुनाव में लोकसभा में एनडीए के बहुमत का आंकड़ा कम हो गया था और राज्यसभा में । ऐसे में यह फाइट आसान नहीं माना जा सकती। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के 12 मनोनीत सदस्य और लोकसभा के 543 सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा में पांच और लोकसभा में एक सीट रिक्त है, जिससे निर्वाचक मंडल की प्रभावी संख्या 782 है और जीतने वाले उम्मीदवार को 391 मतों की आवश्यकता होगी, बशर्ते सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

शतरंजः

विश्व शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख को मिले तीन करोड़ रुपए

मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिया पुरस्कार

नागपुर, एजेंसी। दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं। दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को यहां फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को सम्मानित किया और उन्हें तीन करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। 19 साल की दिव्या 28 जुलाई को महिला विश्व कप का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने फाइनल के टाई ब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया जिससे वह खिताब जीतने के साथ ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं। दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे पल बहुत कम ही मिलते हैं। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बहुत खास पल है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं बच्चों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का एक छोटा सा हिस्सा बन सकी। मुझे बहुत खुशी हो रही है।

उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र शतरंज संघ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिव्या को नकद पुरस्कार के रूप में तीन करोड़ रुपये का चेक सौंपा और उनके भविष्य के प्रयासों में सहयोग का आश्वासन दिया।

एक ओवर में 45 रन!

- अफगान बल्लेबाज उस्मान गनी ने रचा इतिहास
- ईसीएस T10 में बना डाला वर्ल्ड रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट के मैदान पर जब तूफान आता है, तो स्कोरबोर्ड भी हिल जाता है और इस बार तूफान बने अफगानिस्तान के बल्लेबाज उस्मान गनी, जिन्होंने एक ओवर में 45 रन ठोककर नया विश्व रिकॉर्ड बना डाला. ऐसा कारनामा इससे पहले प्रोफेशनल क्रिकेट में कभी नहीं हुआ था.

एक ओवर में बने 45 रन, कैसे?

टूर्नामेंट में 1 अगस्त को लंदन काउंटी क्रिकेट क्लब और गिल्डफोर्ड के बीच मुकाबला खेला गया. लंदन की ओर से ओपनिंग करने उतरे उस्मान गनी ने गिल्डफोर्ड के गेंदबाज विल एर्नी के ओवर में तबाही मचा दी. गनी ने एक ओवर में 6+ नो बॉल, 6, 4+वाइड , 6, 4+नो बॉल, 6, 0, 6, 4 की स्ट्राइकिंग से कुल 45 रन बटोर लिए. इस ओवर में बल्लेबाज ने अकेले 42 रन बनाए, जबकि 3 रन एक्स्ट्रा (2 नो बॉल और 1

वाइड) के रूप में आए. इससे पहले किसी बल्लेबाज ने एक ओवर में इतने रन नहीं बटोरे थे. यह अब तक का प्रोफेशनल क्रिकेट में सबसे महंगा ओवर बन गया है.

उस्मान गनी की तूफानी पारी

मैच में उस्मान गनी पूरी तरह लय में दिख रहे थे. उन्होंने 43 गेंदों में नाबाद 153 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 17 छक्के शामिल थे. उनकी स्ट्राइक रेट 355.81 का रहा. उनके जोड़ीदार ईस्माइल बहरामी ने भी अपनी बल्लेबाजी से मैदान पर धूल उड़ा दी. उन्होंने 19 गेंदों पर 61 रन ठोके. दोनों की साझेदारी की बदौलत लंदन काउंटी ने 10 ओवर में 226/0 का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया था.

गिल्डफोर्ड को 71 रन से हार

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गिल्डफोर्ड की टीम इतने विशाल लक्ष्य का सामना नही कर पायी और पूरी टीम माज्ञ 155 रन ही बना सकी और 71 रन से मैच हार गई. उनके कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं पहुंच पाया.

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूरी और आरोप

29 वर्षीय उस्मान गनी अफगानिस्तान के लिए 17 वनडे और 35 टी- 20 खेल चुके हैं. उन्होंने 2014 में इंटरनेशनल डेब्यू किया थ, लेकिन 2023 में गनी ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक ले लिया था. उनका कहना था कि वह तभी वापसी करेंगे जब बोर्ड में सही मैनेजमेंट और ईमानदार सेलेक्शन कमिटी होगी.

डूरंड कपः क्लेटन सिल्वा के चार गोल, डायमंड हार्बर एफसी ने बीएसएफ एफसी को 8-1 से रौंदा

कोलकाता, एजेंसी। किशोर भारती क्रीड़ांगन (केबीके) में खेले गए इस मुकाबले में स्ट्राइकर क्लेटन सिल्वा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल (2', 35', 71', 90+3') दागे। उनके साथ ही फॉरवर्ड लुका माजसेन ने दो गोल (7', 39') किए, जबकि पॉल (53') और जॉबी जस्टिन (67') ने भी स्कोरशीट में नाम जोड़ा। बीएसएफ एफसी की ओर से एकमात्र गोल किशोरी ने 90वें मिनट में किया। 134वें डूरंड कप में डायमंड हार्बर एफसी ने अपने विजयी अभियान को जारी रखते हुए बीएसएफ एफसी को ग्रुप बी के मुकाबले में 8-1 से करारी शिकस्त दी। किशोर भारती क्रीड़ांगन (केबीके) में खेले गए इस मुकाबले में स्ट्राइकर क्लेटन सिल्वा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल (2', 35', 71', 90+3') दागे। उनके साथ ही फॉरवर्ड लुका माजसेन ने दो गोल (7', 39') किए, जबकि पॉल (53') और

जॉबी जस्टिन (67') ने भी स्कोरशीट में नाम जोड़ा। बीएसएफ एफसी की ओर से एकमात्र गोल किशोरी ने 90वें मिनट में किया।

मैच की शुरुआत से दबदबा

आई-लीग 2 की चैंपियन डायमंड हार्बर एफसी ने महज़ दूसरे मिनट में ही क्लेटन सिल्वा के गोल से खाता खोल दिया। जॉबी जस्टिन के क्रॉस पर उन्होंने सटीक फिनिश करते हुए टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। इसके बाद सातवें मिनट में लुका माजसेन ने बॉक्स में क्लेटन की हलचल का फायदा उठाकर दूसरा गोल दागा। बीएसएफ एफसी की मिडफील्ड और डिफेंस शुरुआत से ही संघर्ष करती दिखी। 35वें मिनट में सिल्वा ने गिरीक के क्रॉस पर वॉली मारकर अपना दूसरा गोल किया। वहीं, चार मिनट बाद माजसेन ने ब्राज़ीली खिलाड़ी के एक ऊंचे पास पर गोल कर स्कोर को 4-0 कर दिया। बीएसएफ को पहला मौका 43वें मिनट में मिला, जब किशोरी का शॉट गोलकीपर सुसंता मलिक ने रोक लिया। हाफटाइम तक डायमंड हार्बर पूरी तरह हावी दिखा।

टी20 सीरीजः

पाकिस्तान के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में उतरेगी वेस्टइंडीज की टीम

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच फ्लोरिडा में दूसरा टी20 मैच आयोजित होगा। यह मुकाबला भारतीय समय के अनुसार तीन अगस्त की सुबह साढ़े पांच बजे से खेला जाएगा। वेस्टइंडीज की टीम सीरीज का अपना पहला मैच गंवा चुकी है। शृंखला में बने रहने के लिए वेस्टइंडीज को यह मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। दोनों देशों के बीच यह मैच फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में खेला जाएगा, जहां की पिच शुरुआत में बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, यहां की पिच धीमी हो सकती है, जिससे रन बनाना मुश्किल होगा। ऐसे में स्पिनर यहां कुछ ओवरों के बाद दबदबा बना सकते हैं। इस मुकाबले में सईम अयूब, फखर जमान, हसन नवाज और कप्तान सलमान आगा से पाकिस्तान को बल्लेबाजी में खासा उम्मीदे हैं, जबकि गेंदबाजी में शाहीन अफरीदी, मोहम्मद नवाज, हारिस रऊफ और फहीम अशरफ टीम को मजबूती दे सकते हैं। सईम अयूब भी गेंद से चमक बिखेर सकते हैं।

वहीं, वेस्टइंडीज के खेमे को कप्तान शाई होप के अलावा शेरफेन रदफोर्ड, जेसन होल्डर, शमर जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स और ज्वेल एंड्रयू से खासा उम्मीदे होंगी।

पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच साल 2011 से लेकर अब तक 22 टी20 मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें 16 मैच पाकिस्तान ने जीते। वहीं, तीन मुकाबले वेस्टइंडीज के नाम रहे। तीन मैच बेनतीजा भी रहे। पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले को 14 रन से जीता था। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट गंवाकर 178 रन बना लिए। पाकिस्तान के लिए सईम अयूब ने सर्वाधिक 57 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से शमर जोसेफ तीन विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।

इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट गंवाकर 164 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने तीन शिकार किए। पाकिस्तान की टीम सीरीज में 1-0 से आगे है। यह मुकाबला जीतकर वेस्टइंडीज सीरीज में बराबरी कर सकती है। अगर पाकिस्तान ने दूसरा मैच जीता, तो सीरीज पर कब्जा भी कर लेगा।

पाकिस्तानः सलमान आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, साहिबजादा फरहान, सईम अय्यूब, शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मुकीम।

वेस्टइंडीजः शाई होप (विकेटकीपर कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, एलिक एथनाज, जेदिया ब्लेड्स, कीसी कार्टी, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जेसन होल्डर, अकील होसेन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड और रोमारियो शेफर्ड।

कैनेडियन ओपनः

चौथे दौर में पहुंचे टेलर फ्रिट्ज और बेन शेल्टन

टोरंटो, एजेंसी। दूसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने गेब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से शिकस्त देकर कैनेडियन ओपन के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। टेलर फ्रिट्ज 2022 में इंडियन वेल्स में जीत के बाद अब दूसरा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं। फ्रिट्ज का अगला मुकाबला 19वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका से होगा। चेक खिलाड़ी लेहेका ने 15वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से शिकस्त देकर आगे का रास्ता तय किया। फ्रिट्ज ने मैच की शुरुआत में ब्रेक लिया और डायलो को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया और हर बड़े अंक पर बढ़त बनाने की कोशिश करते दिखे। एक बार जब उन्होंने ब्रेक लेकर 3-1 की बढ़त बना ली, ऐसा लगने लगा कि जीत तय है। इसके बाद उन्होंने एक और ब्रेक लिया और आसानी से मैच अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर, चौथे वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने ब्रैंडन नकाशिमा को 6-7(8), 6-2, 7-6(5) से हराकर एटीपी हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 5-0 की बढ़त बना ली।

इस सीजन में दूसरी बार एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट (इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल) के चौथे दौर में पहुंचकर, शेल्टन अपनी 100वीं टूर-स्तरीय जीत हासिल करने से बस एक कदम दूर हैं।

वह 13वीं वरीयता प्राप्त फ्लेवियो कोबोली के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल करना चाहेंगे, जिन्होंने फैबियन मारोजान को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। शेल्टन इस हफ्ते अपने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग, नंबर 7 पर खेल रहे हैं। शेल्टन ने हमवतन ब्रैंडन नकाशिमा को कड़ी टक्कर देकर हराया। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों की सर्विस काफी मजबूत रही। अंत में टाईब्रेकर में नकाशिमा ने आखिरी अंक पर दूसरा मिनी ब्रेक हासिल कर पहला सेट जीत लिया। दूसरे सेट में शेल्टन ने तेज शुरुआत करते हुए 3-0 की बढ़त बनाई और फिर एक और ब्रेक लेकर सेट को अपने नाम किया। तीसरे सेट की शुरुआत में नकाशिमा ने जल्दी ब्रेक लेकर मैच का रुख बदलने की कोशिश की, लेकिन शेल्टन ने तुरंत वापसी करते हुए स्कोर 2-2 पर ला दिया। 4-5 पर जब नकाशिमा सर्व कर रहे थे, शेल्टन के पास दो मैच प्वाइंट थे, लेकिन दो छोटी गलतियों के चलते नकाशिमा ने सर्विस बचा ली।

टाईब्रेकर में शेल्टन ने शुरू से ही बढ़त बना ली और 6-3 पर तीन और मैच प्वाइंट हासिल किए। नकाशिमा ने पहले दो मैच प्वाइंट बचाए, लेकिन तीसरे, यानी कुल मिलाकर पांचवें मैच प्वाइंट पर शेल्टन ने अपना 19वां ऐस लगाकर अंततः मुकाबला जीत लिया।

मोहम्मद सिराज तो कपिल देव बन गए! 34 सालों में पहली बार हुआ ऐसा

नई दिल्ली, एजेंसी। मोहम्मद सिराज नहीं जनाब, कपिल देव कहिए. आप सोच रहे होंगे कि हम ऐसा क्यों कह रहे हैं? तो इसके पीछे की वजह है सिराज का वो हैरतअंगेज कारनामा, जो उनसे पहले आखिरी बार भारतीय क्रिकेट में अगर किसी तेज गेंदबाज ने किया था तो वो कपिल देव थे. इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मोहम्मद सिराज अपनी गेंदबाजी से छाए हैं. वो इस सीरीज में सबसे सफल गेंदबाज बनकर उभरे हैं. लेकिन, विकेटों के लगाए ढेर का उनके कपिल देव जैसा होने से कोई मतलब नहीं. बल्कि, हम तो ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि जो काम 34 साल पहले कपिल देव ने किया था, वो अब सिराज ने कर दिखाया है. अब सवाल है कि कपिल देव ने 34 साल पहले क्या किया था? तो उसके तार एक साल के अंदर खेली दो टेस्ट सीरीज में 150 या उससे ज्यादा ओवर डालने से जुड़ा है. कपिल देव ने ऐसा 1991-92 में किया था. अब 34 सालों बाद सिराज ने भी वही काम किया है. उन्होंने भारत के लिए एक साल के अंदर खेली दो टेस्ट सीरीज में 150 प्लस ओवर डाले हैं.

एक साल के अंदर-दो सीरीज में 150+ ओवर

मोहम्मद सिराज ने साल 2024-25 में ये दोनों टेस्ट सीरीज खेली. पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने 157.1 ओवर डाले. जबकि इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में वो अब तक 155.2 ओवर फेंक चुके हैं. इससे सिराज की फिटनेस के साथ-साथ टीम इंडिया के लिए उनकी उपयोगिता का भी पता चलता है.

मकाऊ ओपन बेडमिंटनः मन्नेपल्ली के बाद लक्ष्य भी मकाऊ ओपन से बाहर, दोनों को सेमीफाइनल में मिली हार

मकाऊ, एजेंसी। दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य के लिये यह सत्र कठिन रहा है जो सात बार पहले और दो बार दूसरे दौर से बाहर हो गए।

भारत का मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया है। लक्ष्य सेन और तरूण मन्नेपल्ली पुरूष एकल सेमीफाइनल मुकाबले हारकर बाहर हो गए। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य को इंडोनेशिया के अलवी फरहान ने 39 मिनट में 21-16, 21-9 से हराया। वहीं तरूण मन्नेपल्ली को मलेशिया के जस्टिन होह ने तीन गेम के मुकाबले में मात दी । विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्ष के मन्नेपल्ली ने मजबूत शुरूआत की लेकिन कई गलतियों के कारण एक घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 16-21, 16-21 से हार गए। दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य के लिये यह सत्र कठिन रहा है, जो सात बार पहले और दो बार दूसरे दौर से बाहर हो गए। कंधे, कमर और टखने की चोटों से जूझ रहे लक्ष्य ने पेरिस में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले आत्मविश्वास

हासिल करने के लिये यह टूर्नामेंट खेला था।2003 विश्व जूनियर चैम्पियन फरहान ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें फाइनल में जगह नहीं बनाने दी। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज फरहान ने 0-3 से शुरूआत करके पहले गेम के पहले ब्रेक तक 11-7 की बढत बना ली। उन्होंने बेहतरीन ड्रॉप शॉट, रेलियां और स्मैश लगाते हुए लक्ष्य को दबाव में ला दिया।

लक्ष्य ने भी कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही । बैकहैंड विनर लगाकर उन्होंने स्कोर 13-19 किया लेकिन फरहान ने उनका शॉट नेट में जाने के बाद पांच अंक लेकर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। फरहान ने 5-4 की बढ़त बना ली और 38 शॉट की रेली उनके बेहतरीन क्रॉस स्मैश पर खत्म हुई। ब्रेक तक फरहान के पास 11-5 की बढत थी । इसे उन्होंने 14-6 कर लिया। लक्ष्य का शॉट वाइड जाने और फिर शटल नेट में फंसने के कारण फरहान को 12 मैच प्वाइंट मिले जिस पर उन्होंने मैच अपने नाम कर लिया। पहले मैच में मन्नेपल्ली ने शुरूआत शानदार की और 11-6 से बढत भी बना ली लेकिन सहज गलतियों के कारण दबाव में आ गए।

दलीप ट्रॉफी 2025 के लिए ईस्ट जोन की टीम घोषितःईशान किशन कप्तान

अभिमन्यु उप-कप्तान; सुदीप चटर्जी की अनदेखी

नई दिल्ली, एजेंसी। दलीप ट्रॉफी 2025 के लिए ईस्ट जोन की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम की कमान भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को सौंपी गई है, जबकि अनुभवी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को उप-कप्तान बनाया गया है। टीम में कई उल्लेखनीय खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिनमें भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, हाल ही में इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए आकाश दीप, और युवा प्रतिभाशाली रियान पराग शामिल हैं। इसके अलावा, बिहार के 14 वर्षीय अंडर-19 खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को छह स्टैंडबाय खिलाड़ियों में जगह दी गई है। ईशान किशन ने काउंटी चैंपियनशिप में बनाए थे दो अर्धशतक

ईशान किशन (कप्तान)ः भारतीय टीम से बाहर चल रहे ईशान किशन ने हाल ही में नॉटिंघमशायर के लिए काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन-1 में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने दो अर्धशतक बनाए, जिसके चलते

उन्हें ईस्ट जोन का नेतृत्व करने का मौका मिला है। किशन की कप्तानी और विकेटकीपिंग के साथ-साथ उनकी आक्रामक बल्लेबाजी टीम के लिए अहम होगी।

अभिमन्यु ईश्वरन (उप-कप्तान): अनुभवी सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन वर्तमान में भारतीय टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर हैं। उनकी तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाजी और अनुभव टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा। शमी ने आईपीएल 2025 में खेला था अपना आखिरी मैच भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेला था, जहां नौ मैचों में छह विकेट लिए थे। उनका आखिरी प्रथम श्रेणी (फर्स्ट-क्लास) मैच नवंबर 2024 में रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए था, और आखिरी टेस्ट जून 2023 में खेला था।

शमी की अनुभवी गेंदबाजी ईस्ट जोन के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

शिवाजी नगर आंगनवाड़ी केंद्र परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

बैतूल (निप्र)। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा निर्धारित कार्ययोजना एवं पंच-ज अभियान के अंतर्गत बुधवार को शिवाजी नगर के आंगनवाड़ी केंद्र परिसर में पर्यावरण संरक्षण के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल द्वारा अन्य न्यायाधीशों एवं अधिकारियों के साथ अशोक, आम, अमरूद तथा टिकोमा आदि प्रजातियों के लगभग 80 पौधे रोपित किए। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती संगीता भारती राठौर, सचिव जिला प्राधिकरण श्रीमती शर्मिला बिलवार, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सोमनाथ राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग श्री गौतम अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सतीश मटसेनिया, जिला प्राधिकरण कर्मचारी, आगनवाड़ी कार्यकर्ता, पैरालीगल वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे।

7 जर्जर स्कूल भवन तोड़े गये

हरदा (निप्र)। कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए बुधवार को जिले के 7 जर्जर स्कूल भवनों को तोड़ने की कार्यवाही की गई। इस दौरान जिले के ग्राम कमताड़ी, मोहनपुर, खमलाय, बोंडगांव, धुरगाड़ा व गुल्लास में स्थित शासकीय जर्जर स्कूल भवनों को तोड़ा गया। इसके अलावा ग्राम बमनगांव में किचनशेड तोड़ने की कार्यवाही भी की गई।

सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के तहत शिक्षकों का रिफ्रेशर प्रशिक्षण आयोजित

बैतूल (निप्र)। जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश द्वारा संचालित 'सक्षम' जीवन कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोड़ाडोंगरी में एक दिवसीय शिक्षक अभिविन्यास प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वर्ष 2 के मॉड्यूल की नवाचारों एवं उद्देश्यों से शिक्षकों को परिचित कराना था। जिसमें 87 शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण की शुरुआत मीना सातनकर द्वारा प्री-टेस्ट से हुई, जिसके बाद वर्ष 1 एवं वर्ष 2 के मॉड्यूल की संरचना एवं मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर गरिमा पंवार ने पूर्व वर्षों की उपलब्धियों और अनुभवों का विश्लेषण प्रस्तुत किया। मास्टर ट्रेनर निरंजन कुमार माखल साथ जेंडर समानता और बाल संरक्षण के महत्व पर विशेष सेशन के माध्यम से शिक्षकों की समझ विकसित की। बाल दुर्व्यवहार के प्रकार व रोकथाम के प्रभावी कदम भी सुझाए गए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक निष्ठा सौदावत ने जीवन कौशल सत्रों का व्यवहारिक प्रदर्शन कर शिक्षकों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। विद्यालय में 'मेरी सीख का कोना', 'सक्षम वॉल', 'बिहेवियर मैनेजमेंट सिस्टम' जैसे नवाचारों को लागू करने हेतु मार्गदर्शन किया और 11 जीवन कौशलों की मेहता और बारीकियां पर चर्चा की गई इसके बाद पोस्ट टेस्ट भी लिए गया। सभी शिक्षकों से अनुरोध किया गया कि जीवन कौशल सत्रों का संचालन गुणवत्ता पूर्वक करें साथ ही इन नवाचारों को विद्यालय स्तर पर प्रभावी रूप से कार्यान्वित करें और नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्राचार्य जीपी डेहरिया उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सिलवानी और साईखेड़ा में बाढ़ राहत शिविरों का किया निरीक्षण

रायसेन (निप्र)। कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा गुरुवार को सिलवानी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सिलवानी और साईखेड़ा में बनाए गए बाढ़ राहत शिविरों में पहुंचकर प्रभावितों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावितों से संवाद कर राहत शिविर में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में शासन प्रशासन उनके साथ है।

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों से संभागायुक्त को कराया अवगत

सभी विकास और निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में करें: संभाग आयुक्त श्री सिंह

संभाग आयुक्त ने सीहोर के विधि महाविद्यालय, नापलाखेड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माणाधीन भवन तथा शहीद स्थल के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

सीहोर (निप्र)। भोपाल संभाग आयुक्त श्री संजीव सिंह ने सीहोर में विधि महाविद्यालय, नापलाखेड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माणाधीन भवन तथा शहीद स्थल के विकास कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता और उपयोग की जाने वाली निर्माण सामग्री का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने निर्माण कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भोपाल संभाग आयुक्त श्री संजीव सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को विभाग द्वारा निर्माण कार्य से संबंधित तय मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर निर्माण कार्य एवं निर्माण सामग्री का निरीक्षण करने के लिए कहा। शहीद स्थल के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा यह एतिहासिक स्थल पवित्र स्थल के रूप में विकसित होगा और आजादी के लिए कुर्बान होने वाले शहीदों के बारे में आने वाल पीढ़ियों को जानकारी मिलेगी। इस शहीद स्थल पर बने ऑडिटोरियम में देशभक्ति से जुड़े

सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हो सकेंगे। उन्होंने कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा पीआईयू के कार्यपालन यंत्री से इस स्थल के फर्स्ट फेस का कार्य पूर्ण होने के बाद आगामी प्रस्तावित कार्यों की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

संभागायुक्त ने ग्राम सतपिपलिया में देखी जल संरक्षण संबंधी गतिविधियां

संभागायुक्त श्री संजीव सिंह तथा कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने ग्राम सतपिपलिया में डगवेल रिचार्ज, निर्मल नीर कपिलधारा कूप, सार्वजनिक पौधरोपण तथा खेत तालाब सहित सहित अन्य जल संरक्षण संरचनाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री संजीव सिंह को जानकारी दी गई कि इन जल संरक्षण संरचनाओं के माध्यम से जल का संरक्षण किया जा रहा है। इसके साथ इस वहां लगाए गए पेड़ों की सिंचाई में इस जल का उपयोग किया जा रहा है। इससे न सिर्फ जल का संरक्षण हो रहा, बल्कि पर्यावरण का संरक्षण भी हो रहा है। संभागायुक्त श्री सिंह इस संरचना की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की संरचनाओं को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए और इन कार्यों में आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। ताकि जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों को वृहद् स्तर पर संचालित किया जा सके। उन्होंने ग्राम गुड़भेला में शासकीय स्कूल का भी निरीक्षण किया और बच्चों से पढ़ाई के बारे में चर्चा की। निरीक्षण के दौरान एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा, पीआईयू के कार्यपालन यंत्री श्री कपिल त्यागी, सीहोर जनपद सीईओ श्रीमती नमिता बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक आयोजित कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

भोपाल संभागायुक्त श्री संजीव सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों के साथ ही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन संचालन तथा हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा की। संभागायुक्त श्री सिंह ने समीक्षात्मक बैठक के दौरान विभागों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे।

इसके साथ ही उन्हें समय पर पात्रतानुसार लाभ मिले। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य शासकीय कार्यों का और अधिक बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना है। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन जिल चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और मैदानी अमले से कहा कि यह प्रयास किया जाए कि शासन की योजनाओं का लाभ आमजन को आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा कि मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए सेवाओं को अधिक से अधिक प्रभावी और कारगर बनाया जाए। बैठक में सीएमएचओ श्री सुधीर डेहरिया, डीपीओ श्री ज्ञानेश खरे सहित महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

निरन्तर हो रही बरसात के बीच कलेक्टर ने दूरस्थ वनग्रामों में पहुँच मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता देखी

स्वास्थ्य सुविधाएं दूरूस्त रखे जाने के निर्देश

हरदा (निप्र)। कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को जिला मुख्यालय से लगभग 80 कि.मी. दूर दूरस्थ अंदरूनी वनग्राम टेमरूबहार, ऊंचाबरारी, बोरी एवं टेमागांव वनग्राम पहुँच कर वहां के निवासियों को मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता देखी। इस दौरान उन्होने जिले में निरन्तर हो रही बरसात के दृष्टिगत इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं दुरूस्त रखे जाने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि वनग्रामों में राशन वितरण व्यवस्था सुचारू रहे। उन्होने स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि कहीं भी जर्जर भवनों में स्कूल अथवा आंगनवाड़ी संचालित न किये जाएं। कलेक्टर ने अपने भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम टेमागांव पहुँचकर वहां उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान अपात्रों को राशन वितरण होने की शिकायत मिलने पर उन्होने सम्पन्न परिवारों के हितग्राहियों के नाम राशन वितरण की पात्रता सूची से हटाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने राशन दुकान में स्टाक की स्थिति की भी जानकारी ली। यहां संचालित आयुष्मान आरोग्य केन्द्र पहुँचकर उन्होने दस्तक अभियान के तहत बालिका अंशि-अदिति आशीष को विटामिन ''ए'' की दवा पिलाई। साथ ही मैदानी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि दस्तक अभियान में कोई भी बच्चा टीकाकरण अथवा दवाई पीने से न छूटे। उन्होने आरोग्य केन्द्र से प्रसूता महिलाओं की होने वाली आवश्यक जांचों एवं उनको दी जाने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। यहां पशु चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान सामने से कूड़ादान हटवाने के निर्देश दिये। पीएम श्री स्कूल के निर्माणाधीन भवन का भी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होने स्कूल में मध्यान्ह भोजन वितरण व्यवस्था भी देखी। यहां पुराने स्कूल भवन का असुरक्षित हिस्सा गिराए जाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिये। स्कूल में सराहनीय अध्यापन कार्य कर रहे शिक्षक श्री संतोष राजपूत को सम्मानित किये जाने के भी कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये गये। टेमागांव के आंगनवाड़ी में पहुँचकर कलेक्टर ने बच्चों की उपस्थिति, टीकाकरण एवं टेक होम राशन वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। यहां पेयजल की व्यवस्था नहीं होने की जानकारी मिलने पर पंचायत सचिव को दो दिन में नल कनेक्शन लगवाने के निर्देश दिये।

बोरी में स्मार्ट कक्षाओं का किया निरीक्षण, स्कूलों में खेल कक्षाएं लगाने के निर्देश दिये : ग्राम बोरी के हायर सेकण्ड्री स्कूल में पहुँचकर कलेक्टर ने यहां की अध्यापन व्यवस्था का अवलोकन किया एवं विद्यार्थियों से पढ़ाई के संबंध में चर्चा की। शिक्षकों को गणित एवं अंग्रेजी की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। यहां संचालित स्मार्ट कक्षाओं का निरीक्षण कर उन्होने कहा कि प्रत्येक स्कूल में स्मार्ट कक्षाओं में लर्निंग मटेरियल उपलब्ध कराया जाए एवं बच्चों को स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से प्रमुख विषयों का बेहतर अध्ययन कराया जाए। उन्होने कहा कि स्कूलों में खेल सामग्री उपलब्ध कराकर खेल कक्षाएं भी लगाई जाएं। यहां उचित मूल्य की दूकान के निरीक्षण के दौरान उन्होने हितग्राहियों की ई-केवायसी की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही कहा कि राशन वितरण व्यवस्था में कोई अवरोध न हो। आंगनवाड़ी केन्द्र पहुँचकर उन्होने ए.एन.सी. एवं बच्चों के टीकाकरण की जानकारी ली। यहां संचालित बालिका छात्रावास सह स्कूल में स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से गणित एवं अंग्रेजी का अध्यापन करने के निर्देश दिये।

ग्राम गुरगुंडा में आधुनिक कृषि तकनीक से धान रोपाई का किसानों को दिया प्रशिक्षण

बैतूल (निप्र)। कृषि अभियांत्रिकी विभाग बैतूल द्वारा गुरुवार को शाहपुर विकासखंड के ग्राम गुरगुंडा में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी देना था, जिसमें पैडी राइस ट्रांसप्लांटर मशीन की सहायता से धान की रोपाई का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का आयोजन कृषक श्रीमती शांति नरके के खेत में किया गया, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय किसान, तकनीकी विशेषज्ञ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहायक कृषि यंत्री डॉ. प्रमोद कुमार मीणा ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि अब ई-यंत्र पोर्टल के माध्यम से वॉक बिहाइंड 6 कतार वाली राइस ट्रांसप्लांटर मशीन किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है। यह मशीन न केवल श्रम की आवश्यकता को कम करती है, बल्कि समय और लागत में भी उल्लेखनीय बचत करती है। डॉ. मीणा ने बताया कि परंपरागत तरीके से धान की रोपाई में प्रति एकड़ 4 से 5 मजदूर लगते हैं और 3 से 5 हजार रुपये तक की लागत आती है, जबकि इस यंत्र की सहायता से एक दिन में 5 से 7 एकड़ भूमि में धान की रोपाई संभव है। यह यंत्र प्रति घंटे मात्र 1 लीटर पेट्रोल की खपत करता है, जिससे यह ऊर्जा दक्ष भी है। प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी शाखा प्रभारी श्री इन्द्रभान सिंह, तकनीकी सहायक तुषार राठौर और प्रवीण विश्वकर्मा ने किसानों को मशीन की कार्यप्रणाली, संचालन विधि, देखभाल और रखरखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

खरीदी केंद्रों पर सभी आवश्यक संसाधन की पूर्ति सुनिश्चित की जाए कलेक्टर सोनिया मीना

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में समर्थन मूल्य पर की जा रही मूंग खरीदी प्रक्रिया की समीक्षा के लिए कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जाए एवं किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाए, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन समिति के सदस्य संबंधित एसडीएम से चर्चा कर सभी खरीदी केंद्रों पर आवश्यक संसाधनों की पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी समिति अथवा वेयरहाउस मालिक द्वारा अनियमितता न बरती जाए, संबधित अधिकारी इसकी सतत निगरानी करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसानों की उपज को अनावश्यक रूप से रिजेक्ट न किया जाए तथा जिन किसानों के स्लॉट बुक हैं, उनसे बिना विलंब किए मूंग की खरीदी की जाए। जिन उपार्जन केंद्रों को किसी कारणवश बंद या रिजेक्ट किया गया है, उन्हें शीघ्र ही नवीन केंद्र पर स्थानांतरित किया जाए। वहीं, जिन वेयरहाउस केंद्रों का स्थानांतरण किया गया है, उनकी नियमित मॉनिटरिंग कर मूंग खरीदी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर उपार्जन अवधि में अब तक की गई कार्यवाहियों की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने डीआरसीएस पिपरिया को निर्देश दिए कि वे उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर समिति स्तरीय समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। इसके साथ ही उन्होंने सहकारी समितियों द्वारा खाद एवं उर्वरक का नियमित वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

डेंगू जागरूकता रथ का समापन, लार्वा सर्वे अभियान निरंतर जारी

विदिशा (निप्र)। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग और ऊषा कार्यकर्ता दल के द्वारा विदिशा शहरी क्षेत्र, कुरवाई, लटेरी एवं सिरोंज के ग्रामीण क्षेत्रों में सघन लार्वा सर्वे, आईईसी गतिविधि, डेंगू जागरूकता रथ से प्रचार-प्रसार, फॉगिंग दल के द्वारा कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। मलेरिया टीम के द्वारा 2318 घरों का सघन लार्वा सर्वे किया गया, जिसमें 18 घरों में लार्वा पाया गया। कीटनाशक दवा के द्वारा नष्ट कराया गया। गुरूवार को डेंगू निरोधक माह जुलाई के समापन के अवसर पर डेंगू जागरूकता रथ का समापन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अहमदपुर में किया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसमुदाय से अपील की गई है कि वह अपने घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज ,टांके टंकिया, टायर को प्रति सप्ताह जांच लें की एडीज मच्छर के लार्वा तो नहीं पनप रहे व खाली कर सफाई कर दें। पानी के बड़े कंटेनर जिनकी सफाई व ढांकना संभव न हो तो उनमें मीठा तेल प्रति सप्ताह डालें। मच्छरों के काटने से स्वयं बचाव करें, पूरे शरीर ढंकने वाले कपड़े पहने, दिन के समय बच्चों व वृद्धों को मच्छरदानी के अंदर सोने की सलाह दी जाए, मॉस्किटो कॉइल का उपयोग करें, शाम के समय नीम की पत्तियों का धुआं करें। तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, शरीर पर चकत्ते, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ो में दर्द, नाक व मसूड़ों से रक्तस्राव होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर डेंगू की जांच जिला चिकित्सालय विदिशा या अटल बिहारी वाजपेयी मेडीकल कालेज में डेंगू एलिसा टेस्ट निःशुल्क कराएं। इस प्रकार जिले में डेंगू के संचरण के प्रसार को समाप्त या कम करने में सहयोग करें।

12885

अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

विदिशा (निप्र)। किशोर न्याय अधिनियम 2015 अंतर्गत जिले में संचालित संस्थाएं शासकीय संस्था बालिका सम्प्रेक्षण गृह एवं अशासकीय संस्था शिशु गृह, विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन का धारा 54 अंतर्गत गठित निरीक्षण समिति के अध्यक्ष एवं अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, सदस्य सचिव एवं महिला बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढा कांसवा, समिति सदस्य श्रीमति अनीता तिवारी जेजेबी सदस्य व श्री राजेश नाडीवाल, सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बालिका सम्प्रेक्षण गृह एवं शिशु गृह में निवासरत बच्चों की स्थिति, रहन-सहन की व्यवस्था, स्वच्छता, पोषण एवं देखरेख की सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण दल द्वारा समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लेने के पश्चात, अधीक्षक बालिका सम्प्रेक्षण गृह एवं शिशु गृह प्रबंधक शुभम गुप्ता व अन्य संबंधित कर्मचारियों को यह निर्देशित किया गया कि संस्थान में साफ-सफाई बनाए रखें, जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो तथा बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का उचित रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने बालिका सम्प्रेक्षण गृह में निवासरत

राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अंतर्गत सिकल सेल मित्र पहल की शुरूआत

बैतूल (निप्र)। विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग डॉ अशोक बारंगा एवं अपर कलेक्टर श्री राजीव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े द्वारा गुरूवार को जिला चिकित्सालय बैतूल के मीटिंग हाल में सिकल सेल मित्र बनाने की पहल कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग डॉ अशोक बारंगा ने सिकल सेल मित्रों को संबोधित करते हुये कहा कि सिकल सेल जेनेटिक बीमारी है, हम युवा वर्ग में सिकल सेल स्क्रीनिंग कार्य करें। हम काउंसिंग करें कि दो सिकल सेल रोगी दम्पत्ति न बनें क्योंकि शादी होने पर उनकी संताने या तो सिकल सेल रोगी या वाहक होगी। अपर कलेक्टर श्री राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा बताया कि सिकल सेल एनीमिया बहुत गंभीर बीमारी है, हमारे रक्तवीर समय-समय पर आवश्यकतानुसार सिकल सेल रोगियों को रक्त प्रदान कर जीवन बचा रहे हैं, वर्तमान में जिले में सिकल सेल स्क्रीनिंग का कार्य की उपलब्धि बहुत ही सराहनीय है।

सीएचमओ डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि 100 दिवसीय सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरूकता अभियान कर रहे हैं। जिले में सिकले सेल के 1329 रोगी एवं 5208 सिकल सेल वाहक चिन्हित किये गये हैं, मध्यप्रदेश में जिले का सिकल सेल उन्मूलन कार्य में तृतीय स्थान है, जो हमारे लिये गौरव की बात है। सिकल सेल मित्र एक शासन की नयी पहल है सिकल सेल मित्रों की मदद से हम सिकल सेल मरीज तक पहुँच सकते हैं, सिकल सेल मित्र रोगियों/वाहको के निरंतर उपचार, प्रबंधन एवं रोकथाम तथा समाज में सिकल सेल के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। जिले में 37 सिकल सेल मित्र बनाये गये है, सिकल सेल मित्र डॉक्टर्स, सीएचओ, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, समाज सेवी कोई भी हो सकता है।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग डॉ अशोक बारंगा, अपर कलेक्टर श्री राजीव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े, सिविल सर्जन डॉ जगदीश घोरे द्वारा सिकल सेल मित्रों को राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन में सहयोग देने के लिए प्रमाण-पत्र एवं सिकल सेल मित्रों का बेच लगाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी सिकल सेल डॉ अंकिता

स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. - 8770932048